

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | शनिवार, 22 जून 2024 | वर्ष: 01, अंक: 97, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रु. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## योग का दुनिया भर में विस्तार, योग से जुड़ी धारणाएं बदली हैं : मोदी

एजेंसी

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के निर्णय के बाद पिछले एक दशक में दुनिया में योग का तेजी से विस्तार हो रहा है और इससे योग से जुड़ी धारणाएं बदली हैं।

श्री मोदी ने योग दिवस पर आज श्रीनगर में विशेष रूप से आयोजित योग शिविर का नेतृत्व किया और इस केंद्र शासित क्षेत्र, देश और दुनिया के लोगों को योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, ' योग समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है।' श्री मोदी ने श्रीनगर के योग शिविर कार्यक्रम में भाग लेने वालों के साथ बाद में मुलाकात की और उनके साथ मोबाइल फोन से ली गयी सेल्फी को सोशल मीडिया पर साझा किया।

श्रीनगर का कार्यक्रम प्रसिद्ध डल झील के किनारे होने वाला था लेकिन बारिश के कारण इसे झील के किनारे ही एक बड़े सम्मेलन





कक्ष में सीमित करना पड़ा। श्री मोदी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा , आज विश्व के बड़े-बड़े संस्थानों और विश्वविद्यालयों में योग पर अध्ययन चल रहे हैं अनुसंधान-पत्र प्रकाशित किए जा रहे हैं। अब सीमित दायरों से बाहर निकल रहा है। आज दुनिया एक नयी योग इकॉनामी को आगे बढ़ते देख रही है। आप देखिए, भारत में ऋषिकेश, काशी से लेकर केरल तक, योग टूरिज़्म का नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। दुनिया भर से पर्यटक इसलिए भारत आ रहे हैं, क्योंकि उन्हें यहां प्रामाणिक योग सीखना है।' श्री मोदी ने योग के चलते उभर रही व्यवसाय की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि योगा रिट्रीट और रेजॉर्बट बनाए जा रहे हैं। हवाई अड्डों, होटलों में योग के लिए विशेष जगहें बनाई जा रही हैं। मार्केट में योग के लिए डिजाइनर परिधान, कपड़े, उपकरण आ रहे हैं। लोग अब अपनी फिटनेस के लिए पर्सनल योग ट्रेनर्स भी रख रहे हैं। कंपनियाँ भी कर्मचारियों के स्वास्थ्य संवर्धन की पहल केतौर पर योग और माइंडफुलनेस प्रोग्राम्स शुरू कर रही हैं। इन सबकी वजह से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सामने आये हैं।

### मोदी ने श्रीनगर में छात्रों के साथ सेल्फी ली

मोदी ने श्रीनगर में छात्रों के साथ सेल्फी ली

श्रीनगर 21 जून (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह के मौके पर यहां विश्वप्रसिद्ध डल झील के किनारे शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र (एसकेआईसीसी) में विभिन्न संस्थानों के छात्रों के साथ सेल्फी ली। श्री मोदी ने



एक्स पर अपने पोस्ट में कहा ,'डल झील पर बेजोड़ जीवंतता।'

## चंद्रबाबू नायडू, पवन कल्याण ने विधायक के रूप में ली शपथ

एजेंसी

**अमरावती ।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, डिप्टी सीएम पवन कल्याण और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के अध्यक्ष वाई. एस. जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। चंद्रबाबू नायडू ने सबसे पहले शपथ ली। उन्होंने कसम खाई





थी कि जब तक सीएम बन कर नहीं लौटूंगा, विधानसभा में कदम नहीं रखूंगा। प्रो-टेम स्पीकर जी. बुचैया चौधरी ने नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। चौथी बार मुख्यमंत्री बने नायडू का तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) और उसके सहयोगी जन सेना और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। टीडीपी प्रमुख ने जन सेना नेता और अभिनेता पवन कल्याण को गले लगाया, जो पहली बार विधानसभा के लिए चुने गए हैं। डिप्टी सीएम पवन कल्याण विधायक के रूप में शपथ लेने वाले दूसरे व्यक्ति थे। इसके बाद नायडू के बेटे नारा लोकेश सहित कई मंत्रियों ने शपथ ली, जो विधानसभा में नए चेहरे हैं।

मंत्रियों के बाद जगन मोहन रेड्डी ने विधायक के रूप में शपथ ली। वाईएसआरसीपी प्रमुख को शपथ से पहले और बाद में हाथ जोड़कर चंद्रबाबू नायडू और सत्ता पक्ष का अभिवादन करते देखा गया। सत्र शुरू होने के वक्त जगन मोहन मौजूद नहीं थे। वे विधानसभा परिसर में पांच मिनट देर से पहुंचे। शपथ लेने के बाद वो सदन से बाहर चले गए। हाल ही में हुए चुनाव में टीडीपी-जन सेना-बीजेपी गठबंधन ने 175 सदस्यीय विधानसभा में 164 सीटें जीती हैं। पिछली विधानसभा में 151 सदस्यों वाली वाईएसआरसीपी सिर्फ 11 सीटों पर सिमट गई। गठबंधन ने 25 लोकसभा सीटों में से 21 पर भी जीत दर्ज की।

## दिल्ली में जल संकट को लेकर आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन शुरू

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन शुक्रवार दोपहर से जंगपुरा के भोगल इलाके में शुरू हो गया। अनशन पर बैठने से पहले वह मुख्यमंत्री आवास पहुंची और सुनीता केजरीवाल, सौरभ भारद्वाज और संजय सिंह के साथ राजघाट गईं।

राजघाट पहुंच कर उन्होंने महात्मा गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित किए और अनशन पर बैठने के लिए भोगल रवाना हो गईं। दिल्ली में चल रहे जल संकट को लेकर आतिशी ने अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा और केंद्र सरकार दोनों ही दिल्ली के लोगों को पानी के लिए तरसा रही है। जनता त्राहिमाम कर रही है और हरियाणा सरकार दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं दे रही है। इसलिए अब अनिश्चितकालीन अनशन की शुरुआत




की जा रही है। आतिशी ने बताया कि दिल्ली वालों को उनके हक का पानी मिले, इसके लिए हर संभव प्रयास किया गया। फिर भी हरियाणा ने पानी नहीं दिया, इसलिए अब मजबूरन पानी सत्याग्रह करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सिखाया है सच्चाई की लड़ाई लड़ने के लिए सत्याग्रह अंतिम उपाय है। मैं सत्याग्रह के जरिए दिल्ली के 28 लाख लोगों के लिए इस लड़ाई को लड़ूंगी।

## नीट पर देश में कई जगहों पर कांग्रेस व छात्रों का प्रदर्शन, डीयू नहीं पहुंचे शिक्षा मंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** नीट यूजी 2024 में हुई कथित अनियमितताओं के खिलाफ शुक्रवार 21 जून को कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं ने दिल्ली, जयपुर, बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई समेत विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया। दरअसल कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस संबंध में देश भर के कांग्रेस नेताओं को एक पत्र लिखा था। इसमें विभिन्न राज्यों के कांग्रेस अध्यक्षों से कहा गया था कि न्याय की मांग करते हुए शुक्रवार को राज्य मुख्यालयों पर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करें।

दिल्ली विश्वविद्यालय में भी नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों को लेकर विरोध प्रदर्शन हुआ। शुक्रवार को यहां छात्र विरोध प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते हुए हाथों में काले झंडे लेकर सड़कों पर निकले। शुक्रवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को दिल्ली विश्वविद्यालय पहुंचना था। रहे छात्रों ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले एनटीए ने छात्रों के भविष्य को खतरे में डाला




डीयू में हो रहे इस विरोध प्रदर्शन के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिल्ली विश्वविद्यालय का अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया। दिल्ली विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले एनटीए ने छात्रों के भविष्य को खतरे में डाला है, और इस पूरे प्रकरण पर अभी तक शिक्षा मंत्री द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। प्रदर्शन कर रहे आइसा के सदस्यों व डीयू के अन्य छात्रों ने यहां काले झंडे लहराए।

## तमिलनाडु में जहरीली शराब कांड में मरने वालों की संख्या 47 हुयी

एजेंसी

**चेन्नई।** तमिलनाडु में कल्लकुरिची जिले के करुणापुरम गांव में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या शुक्रवार को 47 हो गयी।राज्य सरकार ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए और शोक संतप्त परिवारों को दस-दस लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार लगभग 165 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव की लगभग हर गली में मौत हुयी है। गांव में गुरुवार से मातम छाया हुआ है। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने मंगलवार रात को पाउच में बेची गई जहरीली शराब पी थी और इसके बाद जलन की शिकायत की। रिपोर्टों के अनुसार उनमें से कई बेहोश हो गए। मौतों का कारण बनने वाले मेथनॉल की आपूर्ति करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का वादा करते हुए मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा कि अब तक इस घटना के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

सत्यम् शिवम् शुभम् ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स

College Code : 01083

टिकरी, कौड़िहार, प्रयागराज

B.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, प्रा0 इतिहास, गृह विज्ञान, दर्शन शास्त्र
राजनीति विज्ञान, उर्दू, भूगोल, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र




M.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, प्रा0 इतिहास

B.Sc. Agriculture B.Com/M.Com

B.Sc./M.Sc./D.El.Ed. (BTC) B.Pharma/D.Pharma

LL.B. B.A. LL.B (प्रस्तावित) I.T.I. (इलेक्ट्रीशियन, फिटर, कोपा)



संजय शुक्ल
प्रबंधक

छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध

Mob. 9451181332, 9956930129

## चोरी की योजना बना रहे 2 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से हथौड़ी व नगदी बरामद




**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ अखिलेश नारायण सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ हर्षित चौहान के पर्यवेक्षण में थाना सुबेहा पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को मैनुअल एन्टेलीजेन्स के आधार पर चोरी की योजना बना रहे 2 शातिर चोर शिवकुमार उर्फ ननकऊ रावत पुत्र ढुन्नी निवासी देवनपुरवा मजरे अमरबल क्रिसिया थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी, दुर्गाप्रसाद उर्फ छोटकऊ पुत्र हीरालाल निवासी भटगंवा थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी को रतौली अण्डर पास के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 03 अदद पकड़, एक अदद हथौड़ी व चोरी के 4000/- रुपए नगद बरामद किया गया।

अभियुक्तगण का एक गैंग है जो जनपद बाराबंकी व आस-पास के जनपदों में चोरी की घटनाएं कारित करते है। चोरी कर प्राप्त सामान व रुपये से अपना शौक पूरा करते है। अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ मे बताया की बधवा अण्डर पास के पास बनी दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए रतौली अण्डर पास के पास योजना बना रहे थें। अभियुक्तगण द्वारा पूर्व में थाना सुबेहा क्षेत्रान्तर्गत चोरी की घटनाएं कारित की गयी थी।

## मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योगाभ्यास जरूरी- दिनेश सिंह



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में समस्त पुलिस कर्मियों ने मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योगाभ्यास किया। इस दौरान योग प्रशिक्षक द्वारा मानव जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित रूप से योग करने हेतु प्रेरित किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों में पुलिस कर्मियों द्वारा योग कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया।
इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण सिंह समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

## रेल लाइन पर मिला अज्ञात शव,पुलिस जांच में जुटी

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** सैनी कोतवाली के ग्राम सभा धुमाई के मजरा बड़ी बाग के सामने दिल्ली हावड़ा अप लाइन पर आज शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे एक अज्ञात युवक उम्र तकरीबन 36 वर्ष का छिन्न भिन्न शव मिला है शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया रेलकर्मियों की सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस अपलाइन के पोल संख्या 892/1113 के बीच शव बरामद कर शिनाख्त के प्रयास में जुट गई है खबर लिखे जाने तक अज्ञात शव की शिनाख्त नही हो सकी है शव का रंग गेहुंआ,काली टी शर्ट, काला लोअर,लाल रंग की चप्पल थोड़ी दूर पड़ी मिली है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई में जुट गई है।

## पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार किशोर की मौत

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के भोला चौराहा मौनी बाबा की कुटी के पास साइकिल सवार एक बालक को तेज गति पिकअप ने टक्कर मार दिया है जिससे साइकिल सवार बालक की घटना स्थल पर तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है सूचना पाकर घटना स्थल पर पुलिस और एंबुलेंस पहुंची है मामले की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी घटनास्थल पर रोते बिलखते पहुंच गए हैं मृतक बालक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
जानकारी के मुताबिक मो अमान उम्र 14 वर्ष पुत्र मो हसीब निवासी बागबंशी शुक्रवार की शाम को साइकिल से देवीगंज बाजार की ओर गया था वापस लौटते वक्त भोला चौराहा के पास मौनी बाबा की कुटी के सामने बालक को पिकअप ने टक्कर मार दिया है पिकअप की टक्कर लगते ही बालक साईकिल समेत सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटना स्थल पर तड़प तड़प कर बालक की मौत हो गई है स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी है सूचना के बाद पुलिस और एंबुलेंस पहुंची है पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## दुष्कर्म के मामले में बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** थाना शंकरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र के एक नाबालिक किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।
प्रभारी निरीक्षक शंकरगढ़ ओमप्रकाश ने बताया कि वांछित आरोपियों की तलाश की जा रही थी इसी बीच मुखबिर की सूचना पर किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में बाल अपचारी को लोहगरा बस स्टैड के पास थाना क्षेत्र बारा से पुलिस संरक्षण में लिया गया ।

# केंद्रीय कारागार नैनी में मनाया गया योग दिवस






**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज ।** शुक्रवार को 10 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आचार्य कृष्ण शर्मा एवम् सहज योग संस्था द्वारा राजेश कुमार श्रीवास्तव उप महानिरीक्षक कारागार प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज की गौरवमयी उपस्थिति में केंद्रीय कारागार नैनी प्रयागराज में निरुद्ध बंदियों को योग कराया गया तथा योग से होने वाले मानसिक एवम शारीरिक लाभों से बंदियों को अवगत कराया। तत्समय कारागार के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर, प्रशिक्षु अधीक्षक अमन सिंह, आलोक कुमार कारापाल, रामसिंह यादव कारापल, ओमप्रकाश कारापाल, कुंज बिहारी सिंह उप कारापाल, शिखर उप कारापाल सहित कारागार के अन्य अधिकारी एवम कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस द्वारा चोरी के अलग-अलग मुकदमे में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार





**सबसे तेज प्रयागराज**
**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना नेबुआ नौरंगिया पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त राम सरीख पुत्र राम हरख निषाद साकिन परसिया थाना श्मायदेउरवा जनपद महराजगंज को चोरी के 1900/- रुपये के साथ व अभियुक्त नियाज अंसारी पुत्र हमिदा अंसारी साकिन उर्दहां नं0.02 अनसुइया मन्दिर के पास थाना रामकोला जनपद कुशीनगर को चोरी की एक अदद सोलर बैटरी के साथ गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## करें योग तो रहे निरोग -प्रोजेक्ट हेड अविनाश त्यागी




**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज/ कौशांबी।** शुक्रवार दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर कैंप टोल प्लाजा सोरांव में प्रोजेक्ट हेड अविनाश कुमार त्यागी और धीरज श्रीवास्तव राजेश कुमार शर्मा,नवीन कुमार, शशिभूषण द्विवेदी के नेतृत्व में योग दिवस पर योग अभ्यास किया गया।
इस दौरान कोखराज हंडिया एक्सप्रेस वे प्राइवेट लिमिटेड प्रोजेक्ट हेड अविनाश कुमार त्यागी ने कहा कि करें योग तो रहे निरोग प्रतिदिन योग करने से शरीर स्वस्थ रहती है।
इस दौरान टोल मैनेजर कोखराज अनूप पांडेय एवं समस्त टोल प्लाजा कर्मचारियों मौजूद रहें।

## बारा पुलिस ने हत्या आरोपी को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** बारा कोतवाली पुलिस हत्या आरोपी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को शुक्रवार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
प्रभारी निरीक्षक बारा विनोद कुमार ने बताया कि वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर हत्या आरोपी शिवम पाण्डेय पुत्र श्यामाकान्त पाण्डेय निवासी ग्राम भेलांव थाना बारा जनपद प्रयागराज को गर्ग शिव मन्दिर ग्राम लोहगरा थाना क्षेत्र बारा से गिरफ्तार किया गया ।
पुलिस टीम का विवरण
प्र0 नि0 विनोद कुमार थाना बारा.उ0नि0 रामाश्रय यादव .हे0का0 देवेन्द्र सिंह थाना बारा कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## अपहरण का वांछित अभियुक्त कोरांव पुलिस द्वारा गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** अपहरण के मामले में आरोपी को कोरांव पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
प्रभारी निरीक्षक कोरांव ने बताया कि वांछित आरोपियों की तलाश की जा रही थी इसी बीच मुखबिर की सूचना पर अपहरण के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त राहुल सिंह पुत्र दारा सिंह निवासी ग्राम बड़ोखरा थाना कोरांव जनपद प्रयागराज को ग्राम बड़ोखरा नहर पुलिया के पास थाना क्षेत्र कोरांव से गिरफ्तार किया गया ।

# अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर कारागार मंत्री समेत डीएम एसपी ने किया योगाभ्यास











**स्वाती मिश्रा**
**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।** शुक्रवार को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शारीरिक मानसिक स्वस्थता एवं मजबूत आत्मबल हेतु स्पोर्ट्स स्टेडियम कौशाम्बी में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि राज्य मंत्री, कारागार सुरेश राही की उपस्थिति में मंडलायुक्त प्रयागराज, डीएम राजेश कुमार राय, पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव सहित जनपद के समस्त प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण तथा आम जनमानस द्वारा भाग लिया एवं शरीर को स्वस्थ रखने हेतु योगाभ्यास किया । कार्यक्रम में सभी लोगों को योग के महत्व के बारे में बताया गया कि योग को अपने दैनिक जीवन में सम्मिलित करने से न केवल शारीरिक रूप से अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं बल्कि स्वयं को मानसिक तनाव से भी दूर रखा जा सकता है ।
इस दौरान एएसपी अशोक कुमार वर्मा, सीडीओ डॉ रवि किशोर त्रिवेदी,सीओ अवधेश कुमार विश्वकर्मा, सीओ अभिषेक सिंह,सीओ सत्येंद्र प्रसाद तिवारी मौजूद रहें।

## जनपद के समस्त थानों में मनाया गया योग दिवस

**कौशांबी।** योग दिवस पर शुक्रवार को कौशांबी जनपद के थाना कड़ा धाम, सैनी, पश्चिम शरीरा, कोखराज, मंझनपुर, महेवा घाट, पिपरी, चरवा, संदीपन घाट थाने में पुलिस कर्मियों के साथ योग अभ्यास कर संदेश दिया गया।
प्रभारी निरीक्षक सैनी जयचंद शर्मा, कड़ा धाम थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोखराज इंद्रदेव, थानाध्यक्ष संदीपन घाट भुवनेश चौबे, थानाध्यक्ष चंद्र भूषण मौर्य, थानाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने योगाभ्यास किया।

# नीट ,आर ओ की परीक्षा रद्द होने के विरोध में कांग्रेस कमेटी ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन




**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।** जिला कांग्रेस कमेटी कौशाम्बी की तरफ से जिला अध्यक्ष गौरव पांडेय की अध्यक्षता में एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति के नाम द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में नीट , आरओ , पुलिस भर्ती सहित सभी भर्तियों की परीक्षा में पेपर लीक के विरोध में जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा तथा धरना प्रदर्शन किया । धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि ठएएळ-वऌ 2024 का परिणाम 4 जून 2024 को जारी हुआ था जिसमें कई अनियमित्तायें जाहिर हुई , पेपर लीक का आरोप भी अभ्यर्थियों द्वारा लगाया गया । परीक्षा में तकनीकी गड़बड़ियां , कदाचार , और अनुचित साधनों का प्रयोग किया गया । ठएएळ परीक्षा में भ्रष्टाचार के कारण लाखों युवाओं का भविष्य दांव में है । धरने को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम बहादुर त्रिपाठी ने कहा कि परीक्षा रद्द होने से छात्र अवसाद में हैं तथा कई छात्रों ने तो आत्महत्या भी कर ली है । ज्ञापन को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्र पप्पू ने कहा कि भर्ती में हुए गड़बड़ी की सीबीआई जांच होनी चाहिए जिससे दूध का दूध और पानी पानी होना चाहिए जिससे दोषियों को दण्ड मिलना चाहिए और कानूनी कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेजना चाहिए । ज्ञापन देने वालों में मुख्यरूप से जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय , राम बहादुर त्रिपाठी , आशीष मिश्रा पप्पू , श्याममूर्ति तिवारी , सत्येंद्र प्रताप सिंह , कौशलेश द्विवेदी , देवेश श्रीवास्तव , शशि प्रताप त्रिपाठी , अशोक द्विवेदी , अल्कामानैयर रिजवी , उमेश पांडेय ,विक्की पांडेय , मो0 नसीम , रामसूरत सरोज ,संतोष शुक्ला , मो0 फरमान , उदय यादव , सुरेंद्र शुक्ला , सचिन पांडेय , सरफराज आलम , बालेन्द्र यादव , आबिदा बेगम ,आशीष द्विवेदी , दुर्गेश प्रजापति ,विजय यादव ,राजबहादुर चौधरी , मो0 ,आसिफहेमंत रावत , जुगुल किशोर त्रिपाठी, डी आर के, आदि कांग्रेस कमेटी कौशांबी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## शंकरगढ़ पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** शंकरगढ़ पुलिस शुक्रवार को चेकिंग के दौरान न्यायालय द्वारा वारंटी चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
प्रभारी निरीक्षक शंकरगढ़ ओमप्रकाश ने बताया कि वारंटी की तलाश में चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच मुखबिर की सूचना पर वारण्टी अभियुक्त रामबाबू पुत्र बब्बू कोल निवासी क्वारी नं0-05 शिवराजपुर थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया ।
पुलिस टीम
उ0नि0 शिवकुमार यादव .का0 मनोज कुमार सिंह थाना शंकरगढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 नीरज उपाध्याय मय हमराह पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना से सम्बन्धित प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त राजेश हेला पुत्र स्व0 फूलचन्द्र नि0 कस्बा भरवारी थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को कस्बा भरवारी डल्लू केसरवानी के मकान से चोरी की मोटरसाइकिल बुलेट के साथ गिरफ्तार किया।

## 30 लीटर अवैध शराब के साथ 2 गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर कड़ा धाम पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार किया।

थाना कड़ाधाम पुलिस उ0नि0 मिश्रीलाल चौधरी मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शेर बहादुर सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह नि0 कोरियो थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस का0 जंगबहादुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रियाज अहमद पुत्र स्व0 मजहर अली नि0 मल्हूपुर थाना मोहब्बतपुर पइंसा जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

## यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 138 वाहनों का ई-चालान किया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया । यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 138 वाहनों का ई-चालान किया गया ।

## शांति भंग में 16 अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना मंझनपुर से 04, थाना महेवाघाट से 04, थाना कौशाम्बी से 01, थाना सराय अकिल से 04, थाना चरवा से 01, थाना कोखराज से 01, थाना कड़ाधाम से 01 ) कुल 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया ।

## फूलपुर में पुलिस ने चार पहिया वाहनों पर लगे हूटर और रंगीन फिल्म के शीशों की किया जांच



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** फूलपुर थाना प्रभारी दीनदयाल सिंह के निर्देश पर बृहस्पतिवार शाम को थाने गेट के सामने तिराहे पर वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया जिसमे वाहनों के कागजात के साथ चार पहिया वाहनों पर लगे फर्जी हूटरो और गाड़ियों में लगे रंगीन फिल्म के शीशों को उतरवाते हुए वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाई की इससे फूलपुर बस स्टाप पर अफरा तफरी मची रही पुलिस कर्मियों ने हिदायत दिया की वाहनों पर फर्जी हूटर लगा कर न चले साथ ही गाड़ियों में रंगीन फिल्मों के शीशे किसी भी हाल में न लगाए अन्यथा कड़ी कार्यवाई की जायेगी। इस मौके पर उपनिरीक्षक देवेश कुमार,संजीव कुमार सिपाही अनिल कुमार के साथ अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## नाबालिक लड़कियों को खोज कर पुलिस ने सकुशल उनके परिजनों को सुपुर्द किया



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में गुमशुदा/लापता बच्चों की सकुशल बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना कसया चौकी हाईवे अंतर्गत ग्राम भगवान सागर थाना बिशनपुर जिला गोपालगंज बिहार से दो नाबालिक लड़कियां क्रमशः उम्र 14 वर्ष व उम्र 16 वर्ष जो अपने घर से नाराज होकर की चली गई थी जिसकी सूचना उनके परिजन दादा सुरेंद्र गिरी पुत्र स्वर्गीय पारस गिरी निवासी ग्राम व पोस्ट वरुअन सागर थाना विशंभरपुर जिला गोपालगंज बिहार तथा चाचा दरोगा गिरी स्वर्गी वीरेंद्र गिरी निवासी उपरोक्त द्वारा कसया कुशीनगर में कहीं होने की सूचना पर चौकी हाईवे व थाना कसया पुलिस टीम के द्वारा उक्त लड़कियों की तलाश खोजबीन शुरू की गई तथा उक्त दोनों नाबालिक लड़कियों को खोज कर सकुशल उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

इस सराहनीय कृत्य हेतु उक्त नाबालिक बच्चियों के परिजनों के द्वारा कुशीनगर पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## चोरी मारपीट के मामले में महिला समेत चार वांछित गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** हंडिया पुलिस मारपीट चोरी के मामले में वांछित चल रहे चार आरोपी को शुक्रवार की गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक बृज किशोर गौतम ने बताया कि थाना क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में चेकिंग के दौरान चोरी बलवा मारपीट के मामले में 4 अभियुक्त/अभियुक्ता श्यामधर पुत्र स्व0 जमुना प्रसाद, विजय बहादुर पुत्र श्यामधर . विमला देवी पत्नी श्यामधर . सुनीता पुत्री श्यामधर निवासीगण छीडी थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम छीडी के पास से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करते हुए जेल भेज दिया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम, थाना हण्डिया . उ0नि0 सौरभ पाण्डेय. प्रशि0म0उ0नि0 संगीता गौतम. प्रशि0म0उ0नि0 निशा वर्मा, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज ।

# एएसपी ने पिपरी थाने का किया निरीक्षण, महिला हेल्प डेस्क पर शिकायतों को जांचा





**ब्यूरो चीफ सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी ।** अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी अशोक कुमार वर्मा द्वारा थाना पिपरी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। गार्द द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी को सलामी दी गयी। थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, अपराध रजिस्टर, मालखाना, अन्य रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक किया गया एवं उनको अध्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विवेचकों को लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया तथा शस्त्रागार में शस्त्रों को भी चेक किया गया। बैरक, मेस व थाना परिसर का निरीक्षण किया गया तथा साफ सफाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा थाने पर आए फरियादियों की समस्या को सुनकर सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपाइयों के साथ ग्रामीणों ने किया योग



**मौजी लाल रावत**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बृहस्पतिवार को फूलपुर क्षेत्र की प्रतिष्ठित श्रीराम जानकी मंदिर दरियापुर लिलहट परिसर में मंदिर के महंत निरंजन दास के नेतृत्व में योगाभ्यास का आयोजन किया गया जिसमे वरुणा मंडल के भाजपा पदाधिकारी सहित जिले की टीम के साथ ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया इसमें कोड़ापुर,मलकापुर दरियापुर लिलहट आदि गांव के लोग सामिल हुए। योग प्रशिक्षक मनोज सिंह आचार्य ने विभिन्न प्रकार के योग अनुलोम विलोम,सूर्य नमस्कार,प्राणायाम आदि के बारे में अभ्यास कराते हुए विस्तार पूर्वक जानकारियां दिए। मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री दिलीप यादव ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा की निरंतर योग करते रहने से शरीर को विभिन्न रोगों से निजात मिलती है उन्होंने कहा की करे योग तो रहे निरोग उन्होंने कहा की भाजपा जब से सत्ता में आई तभी से भारत में योग दिवस का बड़े पैमाने पर आयोजन होने लगा। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्याम बाबू गुप्ता ने कहा की हर मनुष्य को नित प्रतिदिन योग करना चाहिए इससे मनुष्य हमेशा स्वास्थ्य रहता है इसके साथ ही उसका मानसिक विकास भी होता है। वरुणा मंडल अध्यक्ष समरजीत मौर्य ने कहा की योग हम सब के जीवन के लिए काफी लाभदायक है इसे कभी नहीं छोड़ना चाहिए। मौके पर भाजपा कोड़ापुर के बूथ अध्यक्ष रमा शंकर मौर्य,वरिष्ठ पत्रकार प्रधानपति कोड़ापुर मौजी लाल रावत,चंचल पांडेय,विकास केसरवानी,कोटेदार फूलचंद्र पटेल,क्षेत्र पंचायत सदस्य अजीत पटेल,मनोज पाठक,मुरारी लाल साहू,भोला सिंह,अजय बहादुर मौर्य,राजेश कुमार मौर्य,निसार अहमद,सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं के साथ ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मुक्त विश्वविद्यालय के साथ महापौर ने किया योग

## -मुक्त विश्वविद्यालय में योग का विहंगम आयोजन -निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के अवसर पर यमुना परिसर स्थित त्रिवेणी सामुदायिक केंद्र में योग का विहंगम कार्यक्रम आयोजित किया गया । मुख्य अतिथि उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, महापौर प्रयागराज ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के साथ योग किया और योग की महत्ता प्रतिपादित की। इस अवसर पर उन्होंने निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। महापौर ने कहा कि योग हमारी जीवनी शक्ति को बढ़ाता है। योग करने से शारीरिक बीमारियों से छुटकारा मिलता है तथा मन शांत रहता है। उन्होंने कहा कि योग की शिक्षा प्रदान करने में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय हमेशा से अग्रणी भूमिका निभाता रहा है।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय ने हमेशा से योग कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी है और आने वाले समय में भी योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विश्वविद्यालय के योग शिक्षकों के सहयोग से ऑनलाइन तैयारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि योग से व्यक्ति मानसिक रूप से सुदृढ़ रहता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में योग अवश्य शामिल करना चाहिए। कुलपति ने कहा कि हमारी संकल्पना होगी कि विश्वविद्यालय में जो भी कार्यक्रम हो उसका प्रारंभ योग से हो। हर व्यक्ति तक योग को पहुंचाना हमारा मिशन होना चाहिए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के योग शिक्षकों अमित कुमार सिंह, निकेत सिंह एवं अनुराग शुक्ला ने योग प्रोटोकॉल एवं प्राणायाम तथा विभिन्न योगासनों के सामूहिक प्रदर्शन के माध्यम से विश्व योग दिवस की सार्थकता को सिद्ध किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर विश्वविद्यालय में मानव जीवन में योग की उपादेयता विषय पर निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं में प्रथम दिग्विजय सिंह, द्वितीय ज्योति गुप्ता, एवं तृतीय विशाल भारती को तथा वर्तमान संदर्भ में योग की प्राथमिकता विषय पर भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं में प्रथम वैष्णवी सिंह, द्वितीय तुषार कुमार सिंह एवं तृतीय वरुणा को प्रमाण पत्र देकर मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी एवं कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने सम्मानित किया।

समारोह का संचालन विश्व योग दिवस 2024 के संयोजक डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की शिक्षिकाओं ने कुलपति की धर्मपत्नी श्रीमती सीमा का अंग वस्त्रम प्रदान कर सम्मान किया। समारोह में विश्वविद्यालय के निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं क्षेत्र की जनता उपस्थित रही।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भुल्लनपुर पीएसी में आयोजित हुआ योग शिविर






**सबसे तेज प्रयागराज**

**वाराणसी ।** 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विशेष अवसर पर 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी प्रांगण में आज 21 जून को सेनानायक पंकज कुमार पांडेय की उपस्थिति में वाहिनी के समस्त जवानों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रखने व आत्मबल मजबूत करने के उद्देश्य से वृहद योग शिविर का आयोजन कर योग कराया गया। योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सेनानायक श्री पांडेय ने कहा कि आज के समय में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने के लिए योग सबसे जरुरी उपाय हो चला है, संयुक्त राष्ट्र द्वारा 11 दिसंबर 2014 को संकल्प पारित कर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की गयी, योग को अपनाने से सम्यक जीवन के प्रति भारत का योगदान विश्व मंच पर प्रकाश में आ गया। साथ ही जवानों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए प्रतिदिन योग करने हेतु प्रेरित किया गया। आयोजित योग शिविर में वाहिनी सैन्य सहायक नरेश सिंह यादव, शिविरपाल अजय प्रताप सिंह, सुबेदार सैन्य सहायक बृजेश कुमार राय सहित वाहिनी के अन्य समस्त अधिकारी/ कर्मचारीगण ने प्रतिभाग किया।

## कैण्ट पुलिस द्वारा 6 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** डीसीपी नगर के निर्देश पर कैंट पुलिस ने वांछित आरोपियों की तलाश में मुखबिर की सूचना पर 6 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कैण्ट थाना प्रभारी सुनील कुमार कनौजिया ने बताया कि मुखबिर की सूचना 6 वांछित अभियुक्त वर्षा यादव पुत्री सूर्य बहादुर यादव निवासी ग्राम भगवानपुर (मुफरीद) पोस्ट छितपालगढ़ थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ हालपता किरायेदार 120 आर0ए0 बाजार थाना कैण्ट प्रयागराज. तनुष्का यादव उर्फ तनुजा सूर्य बहादुर यादव निवासी ग्राम भगवानपुर (मुफरीद) पोस्ट छितपालगढ़ थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ हालपता किरायेदार 120 आर0ए0 बाजार थाना कैण्ट प्रयागराज. सरिता सोनकर पुत्री स्व0 ओमप्रकाश सोनकर निवासी 119 आर0ए0 बाजार थाना कैण्ट प्रयागराज. बबिता सोनकर पुत्री स्व0 ओम प्रकाश सोनकर निवासी 119 आर0ए0 बाजार थाना कैण्ट प्रयागराज 5. शनि सोनकर पुत्र स्व0 ओम प्रकाश सोनकर निवासी 119 आर0ए0 बाजार थाना कैण्ट प्रयागराज . रोहित सोनकर पुत्र स्व0 ओम प्रकाश सोनकर निवासी 119 आर0ए0 बाजार थाना कैण्ट प्रयागराज को एलिमेंटो थाना क्षेत्र कैण्ट से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

वरिष्ठ उ0नि0 अरविन्द कुमार राय, म0उ0नि0 सुनीता यादव, का0 उमेशचन्द्र सरोज थाना कैण्ट कमिश्नरेट

## लूट का वांछित अभियुक्त को घूरपुर पुलिस ने दबोचा



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** घूरपुर पुलिस चोरी लूट के अपराधियों की तलाश में मुखबिर की सूचना पर लूट के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को शुक्रवार की गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक घूरपुर केशव वर्मा ने बताया कि वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर लूट के मामले में वांछित अभियुक्त गुड्डू पुत्र स्व0 पारसनाथ निवासी ग्राम घूरपुर थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज को हवाईपट्टी परेड ग्राउण्ड पर बने मंच के पास बहद् ग्राम चौकठा थाना क्षेत्र घूरपुर से गिरफ्तार किया गया ।

## टॉप टेन अपराधियों एवं माफिया पर पैरवी कर जल्द कराया सजाएं - चिरंजीव




**हनुमान प्रसाद शुक्ल**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी ।** अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार में जनपद के समस्त थानों के पैरोकारों व कोर्ट मोहर्रिर के साथ गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान समस्त पैरोकारों व कोर्ट मोहर्रिर को समय से न्यायालय पहुंचकर मा0 न्यायालय के आदेशों-निर्देशों का अनुपालन कराने व विचाराधीन मुकदमों में समय से गवाहों के लिए सम्मन/वारण्ट भेजने और तामीलाशुदा सम्मन/वारण्ट को न्यायालय में समय से प्रस्तुत करने, महत्वपूर्ण मुकदमों जैसे- हत्या, पॉक्सो एक्ट या महिला सम्बन्धित मुकदमों, गौकशी, गौतस्करी, गैंगस्टर, मादक पदार्थों की तस्करी आदि मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर गवाहों को पेश करने व अधिक से अधिक मुकदमों में अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया। जिन अभियोगों में गवाह कमजोर हैं उन अभियोगों की भी समीक्षा की गयी जिससे उन गवाहों की काउंसलिंग करके प्रभावी गवाही करायी जा सके एवं फर्जी तथा पेशेवर जमानतदारों को चिन्हित करने हेतु भी निर्देशित किया गया जिससे उनके खिलाफ अभियान चलाया जा सके। टॉप 10 अपराधियों/राज्य स्तरीय माफियाओं/गैंगेस्टरों के प्रत्येक मुकदमें में विशेष पैरवी करके उनके विरुद्ध न्यायालय में आरोप तय कराने एवम् विधिक कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं महिला संबंधी अपराध में विशेष पैरवी करके उनमें भी सजा कराने हेतु निर्देश दिए गए।

## पतंजलि ऋषिकुल में उत्साह के साथ मनाया गया योग दिवस




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** पतंजलि ऋषिकुल के प्रांगण में 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ह्यस्वयं एवं समाज के लिए योग' थीम के साथ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आज मनाया गया। इस दिन को मनाने का उद्देश्?य विद्याथीर्यों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को योग के जरिए स्?वस्?थ और निरोगी जीवन के प्रति जागरुक करना है। विद्यालय परिसर में योगसत्र की शुरूआत मंत्रोच्चार से हुई जिसमें विद्यालय के छात्र, अध्यापकों और एन.सी.सी. कैडेटों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। योगाभ्यास विद्यालय के शारीरिक शिक्षकों के द्वारा कराया गया। विद्यालय की उपाध्यक्ष डॉ कृष्णा गुप्ता ने कहा कि योग एक ऐसी क्रिया है, जो न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से बल्कि चारित्रिक रूप से भी व्यक्ति का विकास करती है। जीवन में अपने लक्ष्यों को पाने के लिए हमें स्वयं को आतंरिक एवं बाह्य रूप से स्वस्थ रखना आवश्यक है। विद्यालय की निदेशक श्रीमती रेखा बैद गुप्ता एवं सचिव यशोवर्धन ने समस्त विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को योग के द्वारा शरीर और मन को संतुलित एवं स्वस्थ रखने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य नित्यानंद सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिकता का आधार रहा है। योग एवं ध्यान के अभ्यास के द्वारा ही हम स्वयं का उत्थान व स्वस्थ एवं संगठित समाज का निर्माण कर सकते हैं।

# सिर्फ दिल का ही नहीं, पूरी सेहत का ख्याल रखता है Pista, फायदे जानकर हैरान रह जाएंगे आप



**पिस्ता एक ऐसा ड्राई फ्रूट है जिसका इस्तेमाल कई तरह की डिशेज में किया जाता है। इसका स्वाद बेहद बेहतरीन होता है और इसमें मौजूद पोषक तत्व सेहत से जुड़ी कई समस्याओं से बचाव करने में भी मदद करता है। इसलिए अपनी डाइट में पिस्ता को शामिल करना काफी फायदेमंद हो सकता है। आइए जानें पिस्ता खाने के फायदों (Benefits of Pista) के बारे में।**

पिस्ता पिस्तासियो वेरा (Pistacia vera) नाम के पेड़ों का बीज फल है। इसका उपयोग नमकीन स्नैक्स बनाने से लेकर मिठाइयों के निर्माण में भी किया जाता है। इसके साथ ही, पिस्ता से तेल और बटर भी तैयार किया जाता है। स्वाद और सेहत से भरपूर पिस्ता एंटीऑक्सीडेंट्स, प्रोटीन, फाइबर, फोलेट, विटामिन, पोटैशियम, विटामिन बी6, कॉपर और फॉस्फोरस जैसे खनिज पोषक तत्वों से भरपूर होता है।

यह हमारे शरीर को अच्छी मात्रा में पोषण प्रदान करता है। इससे बनी मिठाइयां हो या फिर नमकीन, यह अपने स्वाद से सभी को अपनी तरफ आकर्षित करता है। ऐसे में इतने सारे पोषक तत्वों से भरपूर पिस्ता का अगर रोजाना सेवन किया जाए, तो आपको अनेकों स्वास्थ्य लाभ (Benefits of Pista) प्राप्त हो सकते हैं, तो आईए जानते हैं इनके बारे में।

**पोषक तत्वों से भरपूर**

अनेक तरह के पोषक तत्वों से भरपूर एक पिस्ता में लगभग 0.2 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 0.12 ग्राम हेल्दी फैट, 0.15 ग्राम प्रोटीन और लगभग 4 कैलोरी होती है। इसमें मौजूद विटामिन बी6 ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखने और हिमोग्लोबिन उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही, एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन ई सेल डैमेज को रोकने में मदद करते हैं।

**कोलेस्ट्रॉल लेवल नियंत्रित करे**

रोज पिस्ता के सेवन से शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल (HDL) को बढ़ाने और बैड कोलेस्ट्रॉल (LDL) को कम करने में मदद मिलती है। इसलिए यह कार्डियोवैस्कुलर डिजीज से बचाव में मदद करता है।

**हार्ट हेल्थ बनाए रखे**

पिस्ता में पाया जाने वाला विटामिन ई एक प्रकार का एंटीऑक्सीडेंट है, जो हार्ट सेल्स को सुरक्षित रखने में सहायक होता है। इसके साथ ही, इसमें मौजूद मैग्नीशियम से कार्डियक गतिविधियों को सहायता मिलती है। इस तरह ये हार्ट हेल्थ को बढ़ावा देते हैं।

वेट लॉस में सहायक

पिस्ता में प्राकृतिक ऊर्जा, प्रोटीन और फाइबर पाया जाता है, जो आपको लंबे समय तक एनर्जेटिक बनाए रखने के साथ-साथ पेट के भरे होने का एहसास भी कराता है।

**आंखों के लिए है काफी लाभदायक**

पिस्ता में भरपूर मात्रा में पाए जाने वाले विटामिन ई और अनेक तरह के पोषक तत्व आंखों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। ये आंखों के सेल्स सुरक्षित रखने के साथ साथ आंखों को इन्फेक्शन से बचाने में सहायक होते हैं।

# चंद्रबाबू नायडू की मोदी की एनडीए सरकार में स्थिति महत्वपूर्ण

**आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में चंद्रबाबू नायडू का शपथ ग्रहण नायडू के लिए व्यक्तिगत रूप से, तथा उनकी पार्टी और भारतीय राजनीति के लिए भी एक महत्वपूर्ण घटना थी**



राज्य के लिए, चंद्रबाबू फिर से राज्य के सीईओ बन गए हैं। मुख्यमंत्री के रूप में, नायडू ने अपने पहले के कार्यकाल में बिल गेट्स जैसे तकनीकी दिग्गजों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। उन्होंने हैदराबाद में निवेश के अवसर लाये और इसे साइबराबाद में बदल दिया। उन्होंने विश्व बैंक जैसी एजेंसियों से बुनियादी ढांचे के लिए धन प्राप्त किया और हैदराबाद का समग्र विकास किया।आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में चंद्रबाबू नायडू का शपथ ग्रहण नायडू के लिए व्यक्तिगत रूप से, तथा उनकी पार्टी और भारतीय राजनीति के लिए भी एक महत्वपूर्ण घटना थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य शीर्ष भाजपा नेताओं ने 74 वर्षीय राजनेता को चौथी बार शपथ लेते हुए देखा, जो एक महत्वपूर्ण राजनीतिक वापसी का प्रतीक है। दो दशकों से अधिक समय तक राज्य और राष्ट्रीय राजनीति में हाशिए पर रहने के बावजूद, नायडू आभारी हैं। उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया है कि किसी राजनेता को तब तक कम नहीं आंकना चाहिए जब तक कि वह खेल से बाहर न हो जाये।केंद्र में मोदी की एनडीए सरकार में दूसरे सबसे बड़े समूह के रूप में तेलुगु देशम पार्टी के साथ-साथ मुख्यमंत्री के रूप में नायडू की वापसी, सत्ता की गतिशीलता में बदलाव का संकेत देती है।एक साल पहले, चंद्रबाबू के पूर्ववर्ती जगन मोहन रेड्डी एक और कार्यकाल जीतने के लिए आरामदायक स्थिति में थे। उस समय विपक्ष विभाजित था, पवन कल्याण टीडीपी के साथ नहीं थे, और भाजपा अभी भी यह तय कर रही थी कि टीडीपी को फिर से एनडीए गठबंधन में शामिल होने दिया जाये या नहीं। बाबू पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था, और टीडीपी कार्यकर्ता निराश थे।नायडू की वापसी में कई कारकों ने योगदान दिया। सत्ता विरोधी भावना के अलावा, पवन कल्याण की जनसेना, भाजपा और टीडीपी के जातीय गठबंधन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जगन द्वारा बुनियादी ढांचे और कृषि की उपेक्षा ने भी लोगों को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया, जिसने नायडू के पुनरुत्थान में और योगदान दिया।नायडू अपने राजनीतिक संकट से बच निकले हैं। उन्होंने 1978 में एक जूनियर मंत्री के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया और तब से तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) में विभिन्न पदों पर रहे हैं। उन्होंने कई बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया है, महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की देखरेख की है और राजनीतिक विवादों का सामना किया है। इन सबके दौरान, नायडू ने अपनी अडिग भावना को बनाये रखा।नायडू ने घोषणा की है कि 2024 का चुनाव उनका आखिरी चुनाव होगा, यह कदम मतदाताओं को भावनात्मक रूप से आकर्षित करने के साथ-साथ अपने बेटे लोकेश को अपना उत्तराधिकारी बनाने के लिए उठाया गया है। यह रणनीतिक निर्णय आंध्र प्रदेश की राजनीति में नायडू वंश के भविष्य को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है।पहले, चंद्रबाबू अपने ससुर और तेलुगु देशम प्रमुख एनटी रामा राव की छाया में रहे, लेकिन अंततः अपरिहार्य बन गये। उन्होंने राष्ट्रीय मोर्चा और संयुक्तमोर्चा सरकारों के दौरान राष्ट्रीय राजनीति में बहुमूल्य अनुभव और अंतर्दृष्टि प्राप्त की। उनकी पार्टी वी पी सिंह, देवेगौड़ा, आई के गुजराल और वाजपेयी सरकारों का हिस्सा थी, जो दर्शाता है कि कोई भी पार्टी अछूती नहीं थी।नायडू और उनकी पार्टी का विभिन्न केंद्र सरकारों के साथ उतार-चढ़ाव भरा रिश्ता रहा है। हालांकि, मोदी सरकार में उनकी वर्तमान भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय है। मोदी सरकार के लिए टीडीपी के समर्थन के साथ, नायडू आंध्र प्रदेश के हितों के लिए बातचीत करने और वकालत करने की स्थिति में हैं।राज्य के लिए, चंद्रबाबू फिर से राज्य के सीईओ बन गए हैं। मुख्यमंत्री के रूप में, नायडू ने अपने पहले के कार्यकाल में बिल गेट्स जैसे तकनीकी दिग्गजों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। उन्होंने हैदराबाद में निवेश के अवसर लाये और इसे साइबराबाद में बदल दिया। उन्होंने विश्व बैंक जैसी एजेंसियों से बुनियादी ढांचे के लिए धन प्राप्त किया और हैदराबाद का समग्र विकास किया। हालांकि, गलती यह थी कि उन्हें राज्य के अन्य हिस्सों के विकास पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए था।अपने चौथे कार्यकाल में, नायडू को देश के चावल के कटोरे के रूप में कभी आंध्र प्रदेश के महत्व को वापस लाने का अवसर लेना चाहिए। नायडू की सर्वोच्च प्राथमिकता आंध्र प्रदेश के लिए अतिरिक्त धन प्राप्त करना है, जो राज्य के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।आंध्र प्रदेश के विकास के लिए नायडू के दृष्टिकोण में राज्य के कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए पोलावरम परियोजना जैसी लंबे समय से लंबित सिंचाई परियोजनाओं को पुनर्जीवित करना शामिल है। अपनी पार्टी के समर्थन से, नायडू राज्य के संसाधनों को अधिकतम करने और विकास को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ हैं।मोदी कैबिनेट में टीडीपी द्वारा केवल एक कैबिनेट मंत्री और एक राज्य मंत्री को सुरक्षित करने के बारे में पूछे गये सवाल पर उन्होंने कहा, %जब राज्य के हितों की बात आती है तो हम नरेंद्र मोदी कैबिनेट की संरचना पर बातचीत नहीं कर रहे हैं।' हालांकि, टीडीपी को अभी भी अगले विस्तार के दौरान अधिक पद हासिल करने की उम्मीद है।दूसरा महत्वपूर्ण कार्य आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती का निर्माण करना है। उनके पूर्ववर्ती जगन मोहन रेड्डी ने अपने दो कार्यकालों के दौरान इस महत्वाकांक्षी परियोजना को स्थगित कर दिया था। अब जब चंद्रबाबू वापस प्रभारी बन गये हैं, तो उनका लक्ष्य अमरावती को पूरा करना है। वह राजधानी के निर्माण और विभिन्न नयी परियोजनाओं के लिए धन सुरक्षित करने के साथ-साथ अपनी छह कल्याणकारी योजनाओं के लिए केंद्र पर दबाव डालेंगे। शो मैन होने के नाते, वह अमरावती को एक आदर्श राजधानी के रूप में पेश करना चाहेंगे।राज्य गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रहा है। धन की भारी कमी है, कुल ऋण लगभग 14 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें विभिन्न स्रोतों से उधार लिये गये1 2 लाख करोड़ रुपये और 1.5 लाख करोड़ रुपये के लंबित बिल शामिल हैं।अपने चार दशक के राजनीतिक जीवन के दौरान, 74 वर्षीय नायडू ने खुद को जीवित रहने वाला साबित किया है। वह अपने पहले और दूसरे कार्यकाल में अपने समय से बहुत आगे थे। उन्होंने खुद को एक दूरदर्शी, प्रौद्योगिकी समर्थक और तकनीक-प्रेमी मुख्यमंत्री के रूप में पेश किया।माहौल बहुत बढ़िया है, क्योंकि नायडू को किंगमेकर का श्रेय मिला है। मोदी सरकार का हिस्सा होने से उन्हें सत्ता साझा करने का मौका मिलता है। विधानसभा में उनके पास कोई विपक्ष नहीं है, वाईएसआरसीपी सिर्फ11सीटों पर सिमट गई है।

टीडीपी को मुसलमानों के लिए आरक्षण के मुद्दे को संबोधित करने की ज़रूरत है। यह विषय भाजपा के साथ टकराव का कारण बन सकता है। मोदी के साथ नायडू के सकारात्मक संबंध एक साल तक चलने की उम्मीद है, जिसके बाद वे इस मुद्दे पर मोदी सरकार पर दबाव बना सकते हैं। इसके अलावा, टीडीपी को भ्रष्टाचार के मामले को सुलझाना चाहिए क्योंकि नायडू फिलहाल जमानत पर हैं। अपने चौथे कार्यकाल में उनका आचरण उनके और उनके बेटे लोकेश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है।

## संपादकीय

# क्या नालंदा ज्ञान की वापसी करेगा

बुधवार को बिहार के उस नालंदा विश्वविद्यालय के नये भवन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकार्पण किया जो करीब दो हजार साल स्थापित हुआ था। तकरीबन 600 वर्षों तक भारत ही नहीं, सम्पूर्ण दक्षिण एशिया का महत्वपूर्ण विद्या-केन्द्र रहा। मूलतः यह बौद्ध धर्म की महायान शाखा द्वारा बनाया गया था परन्तु इसमें हीनयान शाखा के साथ अन्य धर्मों के दर्शन तथा कई विषयों का अध्ययन होता था। इसमें भारत से बाहर के कई छात्र व विद्वान रहकर पढ़ने आते थे। कई विदेशियों, विशेषकर चीन के ह्वेनसॉग और इत्सिंग के यात्रा वृत्तांतों में भी इसका वर्णन है जो इसमें रहे भी। कहते हैं कि इसमें 10 हजार छात्रों के लिये 2000 शिक्षक हुआ करते थे। मोदी ने जब इसका लोकार्पण किया तो उस अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा 17 देशों के राजदूत मौजूद थे। कुछ समय पहले भारत में सम्पन्न हुए जी-20 के सम्मेलन में दिये अपने भाषण में मोदी ने इसका एक बड़ा सा चित्र सभी को दिखलाया था और भारत की गौरवमयी विरासत के परिप्रेक्ष्य में इसका जिक्र किया था।

इसमें कोई शक नहीं कि नालंदा विवि भारत की ज्ञान परम्परा का एक बड़ा संस्थान रहा था। दूसरा तक्षशिला विश्वविद्यालय भी था जो अब पाकिस्तान (रावलपिंडी) के हिस्से में चला गया है। बहरहाल, इतिहास बताता है कि साल 1199 में इसे कुतुबुद्दीन ऐबक के सेनापति मोहम्मद बिन बख्तियार खिलजी ने आग लगवा दी थी। अब मोदी सरकार इसका पुनरुत्थान करने जा रही है। बिहार की राजधानी पटना से करीब 88 किलोमीटर दूर नालंदा जिले के राजगीर में स्थित इस विश्वविद्यालय में 24 कक्ष हैं जिनका पुनर्निर्माण किया जा रहा है। देश की हर ऐसी विरासत का लौटना खुशी व गर्व का विषय है। इसलिये यह एक स्वागत योग्य कदम है। वैसे यह तो सच है कि नालंदा विवि के जलने से भारत की विशाल ज्ञान सम्पदा को बड़ा नुकसान हुआ था; और जैसा कि कहा जाता कि उनमें इतनी पुस्तकें थीं कि उसकी लाइब्रेरी कई माह तक जलती रही।दूसरी तरफ यह भी सच है कि इस सम्पदा के नुकसान को भारत ने जल्दी ही वापस पा लिया था। कालांतर में जो मुसलमान शासक आये, उन्होंने अरबी, फारसी के साथ उर्दू, रेखूता और हिन्दी साहित्य को बढ़ावा ही दिया। संस्कृत के साथ अनेक भाषाएं फलती-फूलती रहीं। अवधी, ब्रज जैसी कई लोकभाषाओं में कई रचनाएं लिखी गयीं और उनके जरिये भी ज्ञान गंगा सतत प्रवाहित होती रही। अमीर खुसरो से प्रारम्भ खड़ी बोली के बाद अंग्रेज जब आये तो वे अंग्रेजी के साथ पाश्चात्य देशों का ज्ञान लेते आये।उनके जरिये औद्योगिक, तकनीकी व व्यवसायिक विकास हुआ। उन्हीं के खोले गये स्कूलों व कॉलेजों-विश्वविद्यालयों में आधुनिक शिक्षा दी जाने लगी। मध्ययुगीन ज्ञान का स्थान नूतन ज्ञान ने लिया। यह कहने में किसी को कोई संकोच नहीं होना चाहिये कि आजादी के बाद भारत ने बहुत कम समय में जो विकास किया उसका बड़ा कारण देश में पहले से पहुंच चुकी आधुनिक शिक्षा पद्धति थी। यह अलग बात है कि वाट्सएप यूनिवर्सिटी ने लोगों को अब बेमिसाल ज्ञान यह दिया है कि विदेशियों ने परम्परागत भारत की गुरुकुल परम्परा को खत्म कर दिया ताकि भारत की संस्कृति को नष्ट किया जा सके।यह बात तो सही है कि प्राचीन शिक्षा पद्धति समाप्त हो गयी लेकिन यह भी सच है कि उसमें वर्तमान समय की चुनौतियों का कोई जवाब नहीं था और कथित गुरुकुल पद्धति अभिजात्य वर्ग के लोगों तक ही सीमित थी। कुछ धार्मिक ग्रंथों के अध्ययन पर टिकी प्राचीन शिक्षा का दायरा बहुत संकीर्ण था और वह व्यवहारिक जीवन से मेल नहीं खाती थी। ऐसा नहीं कि वह सारा ही अध्ययन बेकार था जो वेद-वेदांगों, पुराणों, उपनिषदों सहित धर्म ग्रंथों पर केन्द्रित था लेकिन जैसे-जैसे पूरी दुनिया विकसित होती गयी, यह ज्ञान व्यापक परिप्रेक्ष्य में अप्रासंगिक होता चला गया। जिन्हें दिलचस्पी है, वे आज भी इनका अध्ययन कर आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करते हैं।भारत के विकास में विदेशों से आए ज्ञान ने भारत को कल-कारखाने, बड़े बांध, अस्पताल, सड़कें, पुल, इमारतें दीं, कृषि उत्पाद बढ़ाने के उपाय बताये, विभिन्न बीमारियों से मुक्ति के टीके व दवाएं दीं, कपड़ा मिलें खोलीं और देश को आत्मनिर्भर बनाया। भारत की इस ज्ञान परम्परा को आजाद भारत ने इसलिये जारी रखा क्योंकि हमारे राष्ट्र निर्माता जानते थे कि आधुनिक शिक्षण संस्थानों से न केवल हमारी समस्याओं के हल निकलेंगे वरन ऐसे नागरिक बनेंगे जिनका दृष्टिकोण उदार हो तथा वे विवेकवान हों। इसे जो सबसे बड़ा झटका लगा वह भारतीय जनता पार्टी के इसी दस साल के कार्यकाल में। ज्ञान की जितनी तौहीन और उपेक्षा इस काल में हुई वैसी भारत के बुरे से बुरे काल में भी नहीं हुई थी।नालंदा को जलाने का जो वक्त था वह मध्यकालीन था जब सब कुछ तलवारों से तय होता था। पिछले दशक भर से देखा यह गया कि सत्ता और तकनीकों का उपयोग आधुनिक ज्ञान को दबाने व मिटाने के लिये किया जा रहा है। राजनीतिक हिसाब चुकता करने के लिये ज्ञान के मुकाबले अज्ञान का साम्राज्य खड़ा किया गया ताकि उसके जरिये उस राजनैतिक विरासत को अपमानित किया.

# Uttar Pradesh में राहुल तो अन्य राज्यों में अखिलेश तलाश रहे हैं संभावनाएं



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से राहुल गांधी की जीत के बाद यूपी में पार्टी के लिये नई संभावनाएं तलाश रहा कांग्रेस आलाकमान और गांधी परिवार एक बार फिर प्रदेश में विस्तार के लिये कमजोर हो चुके संगठन को नए सिरे से खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। राहुल गांधी ने भले ही समाजवादी पार्टी के वोट बैंक के सहारे रायबरेली से जीत हासिल की हो, लेकिन वह अपनी जीत को इस तरह से प्रचारित कर रहे हैं जैसे यूपी की जनता कांग्रेस को फिर से बीजेपी के विकल्प के रूप में देखने लगी है। राहुल गांधी ने केरल की वायनाड सीट से त्यागपत्र देकर रायबरेली सीट का संसद में प्रतिनिधित्व करने का निर्णय कर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है, अब यह ऊर्जा कब तक बरकरार रहेगी कोई नहीं जानता है। इस बार समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाकर चुनाव लड़ रही कांग्रेस को यूपी में 06 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई थी। यूपी को लेकर राहुल गांधी की चपलता को आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है। साढ़े तीन दशक से उत्तर प्रदेश में अपनी खोए जनाधार को तलाश रही कांग्रेस को अबकी लोकसभा चुनाव के नतीजों से नई उम्मीद जागी है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की निगाह अब उत्तर प्रदेश पर सबसे अधिक है। बीजेपी ने आम चुनाव में काफी खराब प्रदर्शन किया था, इससे भी कांग्रेस में खुशी का माहौल है।

बहरहाल, यह एक पहलू है। दूसरा पहलू यह है कि समाजवादी पार्टी ने यूपी में कांग्रेस को वह सब कुछ दे दिया है जिसकी उसे वर्षों से दरकार थी, लेकिन अब अखिलेश इसकी कीमत वसूलना चाहते हैं। अखिलेश भी कांग्रेस से इस बात की अपेक्षा कर रहे हैं कि वह भी यूपी में बाहर उन राज्यों में उसको हिस्सेदारी दे जहां जल्द विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को उसका हिस्सा नहीं दिया तो सपा प्रमुख अपनी साइकिल से कांग्रेस को उतारने में देरी नहीं करेंगे। सपा के सूत्र कह रहे हैं कि आम चुनाव के बाद यूपी में विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस-सपा का गठबंधन महाराष्ट्र और हरियाणा चुनाव पर निर्भर करेगा। अगर कांग्रेस इन दो राज्यों में सपा को सीट देने के लिए तैयार हुई, तभी सपा यूपी विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के किसी दावे पर विचार करेगी। यूपी में शीघ्र ही विधानसभा की 10 रिक्त सीटों पर चुनाव होने हैं। इनमें से एक सीट सीसामऊ (कानपुर) से सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा होने से रिक्त हुई है, जबकि नौ विधानसभा सदस्य अब लोकसभा सांसद बन चुके हैं। सपा के चार विधायकों अखिलेश यादव, अवधेश प्रसाद, लालजी वर्मा और जियाउर रहमान बर्क की सीटें उनके लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद रिक्त हो गई हैं। अखिलेश वर्ष 2019 का विधानसभा चुनाव करहल, अवधेश प्रसाद मिल्कीपुर, लालजी वर्मा कटेहरी और जियाउर रहमान कुंदरकी से जीते थे। खैर से भाजपा विधायक अनूप प्रधान वाल्मीकि, गाजियाबाद से अतुल गर्ग और फूलपुर से भाजपा विधायक प्रवीण पटेल के भी लोकसभा सदस्य चुने जाने से अब यह स्थान खाली हो गए हैं। मझवा (मिर्जापुर) से निषाद पार्टी के विधायक विनोद कुमार बिंद और मीरापुर से रालोद के विधायक चंदन चौहान भी अब सांसद हो गए हैं। इस तरह से शीघ्र ही चुनाव आयोग इन 10 रिक्त सीटों पर चुनाव कराएगा। कांग्रेस इंडिया गठबंधन के तहत सपा से विधानसभा उपचुनाव में भी साझेदारी चाह रही है।बताते चलें कांग्रेस और सपा के बीच ऐसा ही मनमुटाव लोकसभा चुनाव से पहले हुए मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा को सीट न दिए जाने से दोनों दलों के बीच देखने को मिला था।। इस साल अक्टूबर में महाराष्ट्र और हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने हैं। वहीं 2025 में पश्चिम बंगाल, दिल्ली और बिहार में विधान सभा चुनाव होने हैं। सपा के अंदरखाने चर्चा है कि कि अगर कांग्रेस महाराष्ट्र और हरियाणा में उनकी पार्टी को कुछ सीटें देने पर रजामंद हुई, तभी यूपी के उपचुनाव में कांग्रेस को कोई सीट देने पर विचार किया जा सकता है। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी की ठीकठाक पकड़ है। 2019 के विधानसभा चुनाव में यहां से सपा के दो विधायक जीते थे। इससे पहले भी सपा वहां चुनाव जीतती रही है। इसी आधार पर सपा ने महाराष्ट्र में दावा करने का फैसला किया है। वहीं, हरियाणा की 20 सीटों पर मुस्लिम-यादव समीकरण प्रभावी हैं, जिसे सपा अपने पक्ष में मानती है। इस बारे में सपा के प्रवक्ता राजेंद्र चैधरी का कहना है कि यूपी में सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन है, लेकिन उपचुनाव में सीटों के मामले में कोई भी निर्णय समय आने पर सपा नेतृत्व ही लेगा।

उधर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि राहुल गांधी के निर्णय से उत्तर प्रदेश कांग्रेस को बड़ी ताकत मिली है। प्रदेश कांग्रेस की मांग पर उन्होंने अपनी परंपरागत सीट को चुना है, जिससे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में उत्साह है। प्रदेश में संगठन को बूथ स्तर पर खड़ा करने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। पार्टी अभियान के तहत इसमें जुटी है और वरिष्ठ पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी जा रही हैं। हर जिले में नए कार्यकर्ताओं को जोड़ा जा रहा है। पार्टी मुख्यालय में राहुल गांधी का जन्मदिन मनाए जाने के साथ ही सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर विशेष आयोजन किए गये है। कांग्रेसी निराश्रित महिलाओं के बीच जाकर खुशियां बांटेंगे।

सूत्र बताते हैं कि लोकसभा चुनाव में अमेठी व रायबरेली समेत छह सीटों पर कांग्रेस की जीत के बाद प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष के लिए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की चुनौती भी और बढ़ गई है। पार्टी के निष्क्रिय चेहरों को चिह्नित कर हटाने की तैयारी भी है। माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी की सक्रियता अब और बढ़ेगी। जिसके बाद प्रदेश कार्यकारिणी में कुछ नए चेहरे भी शामिल हो सकते हैं। इसके साथ ही कांग्रेस की सहयोगी दलों के साथ प्रस्तावित धन्यवाद यात्रा में भी राहुल गांधी की अधिक सक्रियता होने की उम्मीद जताई जा रही है।

कुल मिलाकर रायबरेली और समाजवादी पार्टी की अपनी-अपनी सियासी महत्वाकांक्षा के चलते दोनों दलों के बीच की दूरियां धीरे-धीरे बढ़ती नजर आ रही हैं। समाजवादी पार्टी को चिंता इस बात की भी है कि यदि कांग्रेस ने यूपी में फिर से जड़े जमा ली तो समाजवादी पार्टी को इसका दीर्घकालीन खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। बता दें समाजवादी पार्टी के पास आज जो भी वोट बैंक है, उस पर कभी रायबरेली का कब्जा हुआ करता था। सपा के पूर्व प्रमुख और दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव यह बात अच्छी तरह से समझते थे, इसीलिए उन्होंने कभी कांग्रेस से गठबंधन में रूचि नहीं दिखाई। नेताजी बेटे अखिलेश को भी कई बार सचेत कर चुके थे कि कांग्रेस से उसकी नजदीकी ठीक नहीं हैं। 2017 के विधानसभा चुनाव के समय नेताजी ने यह बात कही थी, तब कांग्रेस-सपा ने मिलकर यूपी विधान सभा चुनाव लड़ा था। परंतु तब इन दोनों नेताओं को कोई खास कामयाबी नहीं मिल पाई थी।

# स्वस्थ्य रहने के लिए प्रतिदिन करें योग

## महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरि ने बड़ी संख्या में शिष्यों सहित विश्व योग दिवस पर किया योग

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** पूरे देश और दुनिया के साथ ही संगम नगरी प्रयागराज में भी जगह-जगह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर ट्रांसजेंडर यानि किन्नरों ने भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज मनाया। किन्नरों ने यूपी किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और यूपी किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरी ( टीना मां) की अगुवाई में विश्व योग दिवस पर योगाभ्यास किया। इंद्रपुरी कॉलोनी बैरहना में किन्नरों ने योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया था। जिसमें बड़ी संख्या में किन्नरों ने योग कर निरोग रहने का संदेश भी दिया।



इस मौके पर किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्या नंद गिरी ( टीना मां) ने कहा है कि जब तक आप निरोग नहीं रहेंगे तब तक राष्ट्र का चिंतन नहीं कर पाएंगे। क्योंकि जब व्यक्ति स्वस्थ रहता है तभी राष्ट्र और समाज के लिए वह सोच सकता है। उन्होंने कहा है कि बहुत सी बीमारियां ऐसी हैं जो कि दवाईयों से नहीं बल्कि योग से ठीक हो सकती हैं। उन्होंने योग के महत्व को बताते हुए कहा है कि मौजूदा समय में योग करने वाला व्यक्ति हमेशा निरोग रहता है। उन्होंने कहा है कि किन्नर समाज भी योगाभ्यास कर लोगों को निरोग रहने का संदेश दे रहा है। उन्होंने कहा है कि योग हमारी प्राचीन पद्धति है जिसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बढ़ावा दे रहे हैं। आज योग दिवस देश ही नहीं बल्कि दुनिया के तमाम देशों में मनाया जा रहा है। इससे पूरी दुनिया में देश का मन और सम्मान भी बढ़ रहा है।

उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और उप्र किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि (टीना मां) ने कहा कि लोग अपनी व्यस्त और अनियमित दिनचर्या में से प्रतिदिन समय निकालकर योग जरूर करें जिससे कि वह मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य रहने से जहां बीमारियां दूर रहती है वहीं लोगों के काम करने की क्षमता बढ़ जाती है। महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि महाराज ने कहा कि आज के परिवेश में खान-पान भी मिलावटी होता जा रहा है इससे भी बीमारियां बढ़ती जा रही है ऐसे में बाहरी खान-पान से भी बचें।

विश्व योग दिवस पर योग करने वाले किन्नर शिष्यों में नैना, शोभा, देवी, रानी, पलक, जोया, सलोनी, सुरभि, पायल, राधिका, नर्मदा, सुषमा, प्रीति, ज्योति, नीता, संध्या, सना, सोफिया, शीला, मोनी सहित बड़ी संख्या में शिष्य और आसपास के लोग थे।

# तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से योगाभ्यास करें - धवल जयसवाल

*- 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर डीएम, कप्तान द्वारा मनाया गया*

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** डीएम उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा अपर आयुक्त गोरखपुर कुंवर बहादुर सिंह की उपस्थिति में 10 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस ह्लस्वयं और समाज के लिए योगह्व के अवसर पर महापरिनिर्वाण स्थल कुशीनगर में दीप प्रज्जवलित कर योगाभ्यास की शुरूआत की गयी एवं योग दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाया गया तथा जनपद के लोगों के द्वारा भी इस योगाभ्यास में भी बढ़-चढ के हिस्सा लिया गया । योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, परंतु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है, स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है, तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। योग चिंता से मुक्ति, अपार शांति, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता में सुधार, सही समय पर सही निर्णय लेनी की क्षमता, विभिन्न बीमारियों से छुटकारा, ऊर्जा में वृद्धि करता है। इसीलिए हम सभी को योग करना चाहिए। इस अवसर पर एएसपी अभिनव त्यागी,मुख्य विकास अधिकारी, सहित जनपद के समस्त विभागो के उच्चाधिकारीगण उपस्थित रहे ।







# डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने के दिये निर्देश

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** डीएम नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योग धंधो को बढ़ावा देना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। बैठक में विद्युत विभाग, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद मार्जिन मनी योजना, निवेश मित्र पोर्टल सहित अन्य सम्बंधित विषयों की बिंदुवार समीक्षा की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने बैंको में लम्बित मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना से सम्बंधित आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से निस्तारित कराये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने जो आवेदन पत्र मानक के अनुरूप पाये जाये, उसमें ऋण वितरण की कार्यवाही अनिवार्य रूप से समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने एलडीएम को प्रगति बढ़ाने तथा लगातार फीडबैक लेते रहने के निर्देश दिए है।



बैठक में औद्योगिक क्षेत्र नैनी में यूकीलिप्टस के पेड़ों की बढ़ी डालियों/टहनियों के कटवाने सम्बंधित विषय पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग, वन विभाग, उद्योग विभाग एवं यूपीएसआईडीसी विभाग के अधिकारियों की कमेटी बनाकर तथा कमेटी के रिपोर्ट के आधार पर तद्नुसार पेड़ों की बढ़ी डालियों/टहनियों के कटवानें के सम्बंध में आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। इसी तरह से बैठक में राजीव रतन अग्रवाल-निदेशक मेसर्स आप्टिकल फाइबर केबिल एसेसिरीज प्रा0लि0 शेड नं0-1 व 2 पर समय दिए जाने के बावजूद भी ईकाई चलाने का कोई प्रमाणपत्र उपलब्ध न करा पाने पर आवंटन निरस्त किए जाने सम्बंधी विषय पर विचार करते हुए उन्हें तीन महीने का और समय दिए जाने के लिए कहा गया। यह भी कहा गया कि यदि तीन महीने के अंदर ईकाई संचालन से सम्बंधित कोई प्रमाणपत्र उनके द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो आवंटन को निरस्त करके किसी दूसरे उद्यमी को आवंटन की कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा गया।

जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से निस्तारित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से आवेदन पत्रों को निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने फूड प्रोसेसिंग एवं निर्यात को प्रोत्साहन दिए जाने के सम्बंध में भी आवश्यक कार्यवाही करने के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग, उद्योग बंधु व्यापार मण्डल से मुरारी लाल अग्रवाल, नटवर लाल तथा उद्यमीगण सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डिप्टी सीएम ने प्रभारी मंत्री एवं जनपद के अधिकारियों के साथ की बैठक

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य द्वारा राज्यमंत्री कारागार प्रभारी मंत्री सुरेश राही के साथ माँ शीतला देवी अतिथि गृह, सयारा में जनपद के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक की गई।

उप मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों से कहा कि आमजन/फरियादियों की छोटी-छोटी समस्याओं का निस्तारण ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर एवं थाना स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाय, जिससे आमजन/फरियादी को जिला स्तर या शासन स्तर तक न जाना पड़ें। उन्हांने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि पीड़ित व्यक्ति को अवश्य न्याय मिलें तथा अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि 03 वर्ष से अधिक एक तहसील में कार्य कर रहें लेखपाल का दूसरे तहसील में स्थानान्तरण कर दिया जाय। इसी प्रकार 03 वर्ष से अधिक एक विकास खण्ड में कार्यरत सचिव, ग्राम पंचायत ग्राम विकास अधिकारी को दूसरे ब्लॉक में एवं थाने में कार्यरत सिपाही/दरोगा को दूसरे थानों में स्थानान्तरण कर दिया जाय। उन्होंने कहा कि राजस्व के मामलों में राजस्व अधिकारियों की समिति गठित कर ग्रामवासियों के साथ बैठक कर मामलों का निस्तारण कराया जाय। उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण में भी प्रगति लाने के निर्देश दियें।



उन्होंने कहा कि निमार्णाधीन परियोजनाओं यथा-रामवन गमन मार्ग एवं प्रयागराज एयरपोर्ट से उत्खनन स्थल कौशाम्बी तक फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य आदि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं तेजी से पूर्ण कराया जाय। विकासपरक परियोजनाओं के निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाय, गुणवत्ता न पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 को पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत नई सड़को के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सिराथू बाजार में दिन में हो रही दुर्घटना के द्दष्टिगत सैनी से सिराथू पुल होते हुए धाता की ओर जाने वाले हैवी वाहनों का आवागमन दिन में प्रतिबन्धित करने के निर्देश दियें।

उप मुख्यमंत्री ने जल-जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, जल निगम से अब तक हुए कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि कार्यों को तेजी से पूर्ण कराया जाय। इसके साथ ही उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि पाइप-लाइन जमीन से एक मीटर अन्दर बिछाई गई है या नहीं आदि कार्यों का अधिकारी नामित करते हुए सत्यापन कराया जाय। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 06 लाख 91 हजार लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 05 लाख 23 हजार लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुकें हैं। मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र की जॉच करा लिया जाय, जिन स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक या पैरामेडिकल स्टॉफ की कमी है, वहॉ पर स्टॉफ की तैनाती के लिए कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि गौशालाओं में गोवंशों के लिए भूसा-चारा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाये हमेशा सुनिश्चित रखी जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता,विद्युत को निर्देशित किया कि ओवर बिलिंग/गलत बिल बनाने वाले कर्मियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही किया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि ओवर बिलिंग न होने पाये। विद्युत फाल्ट होने पर तत्काल ठीक कराया जाय।

उप मुख्यमंत्री ने जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्राम पंचायतवार रोस्टर बनाकर अभियान चलाकर ग्राम पंचायतों की साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने जिलापूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि राशन की दुकानों पर घटतौली न होने पाये तथा कोटेदारों को उनका लाभान्श समय से मिल जाय। उन्होंनें सभी अधिकारियों से कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं-प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय एवं पेंशन आदि से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाय तथा विभागीय लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने उपायुक्त एनआरएलएम से कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उन्हें ऐसे उत्पाद तैयार करने के लिए प्रशिक्षित किया जाय, जिससे वे उत्पाद विश्व भर में निर्यात किया जा सकें। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को सयारा गेस्ट हाउस परिसर एवं कलेक्ट्रेट आदि प्रमुख स्थानों पर पौधारोपण के साथ ही लक्ष्य के सापेक्ष पौधारोपण सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि अमृत सरोवरों के इनलेट/आउटलेट ठीक कराया जा रहा है, जिससे वर्षा का जल संचय किया जा सकें, जिस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय, जिससे अमृत सरोवरों में हमेशा पानी रहें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था किया जाय, जिससे किसानों को अपने खेत की सिंचाई के लिए परेशान न होना पड़े। बैठक में बताया गया कि कोर्रों में लाइब्रेरी के निर्माण के लिए टेण्डर कर दिया गया है, जिस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वस्तरीय लाइब्रेरी का निर्माण कार्य कराया जाए।

## प्रयागराज मंडल कार्यालय में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज हिमांशु बडोनी ने 10वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रयागराज मंडल कार्यालय परिसर स्थित मण्डल सभागार में माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस वर्ष मनाए जा रहे 10वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' है । इस योगाभ्यास कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक/सामान्य, संजय सिंह; अपर मंडल रेल प्रबंधक/परिचालन, अजय कुमार राय, अपर मंडल रेल प्रबंधक/इन्फ्रा, नवीन प्रकाश, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मनीष कुमार कुमार खरे सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज हिमांशु बडोनी ने इस कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए कहा रेलवे कर्मचारियों को संरक्षित तरीके से कार्य करना होता है जिसके लिए शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन तनाव मुक्त होना आवश्यक है इसके लिए योग एक सरल माध्यम है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ और मन को एकाग्र करता है । जब हम नियमित रूप से योग करते हैं तो आपके शरीर में ऊर्जा का संचार होता है ।

वर्तमान में मानव जीवन व्यस्ततम होता जा रहा है जिससे उनकी जीवनशैली में विभिन्न बदलाव हो रहें हैं जो उनके स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल रहें हैं । प्राचीन कल से ही योग का विशेष महत्व रहा है । योग से ही हम अपने जीवनशैली को संयमित व नियंत्रित कर सकते हैं ।

अशोक कुमार, अनिल कुमार और फूलचंद्र, जय प्रकाश श्रीवास्तव, राजेश कुमार जायसवाल एवं हंस कुमार राय द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया एवम मंडल सभागार में उपस्थित सभी रेल कर्मचारियों को योग कराया गया एव योग करने के लाभ एवं बारीकियों से अवगत कराया गया और बतया कि योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जिसमें शरीर और आत्मा को एकरूप करना ही योग कहलाता है। योग समझने से ज्यादा करने की विधि है। योग साधने से पहले योग के बारे में जानना बहुत जरुरी है.

## चेयरमैन ईओ को नही जानकारी सरकारी संपत्ति कहा, प्याऊ की मशीनें गायब

**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर!** स्योहारा नगर में अनेक स्थानों पर राहगीरों की सेवा के लिए लगाये गये प्याऊ की मशीनरी गायब होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां सरकार के मंत्री से लेकर संत्री तक पेयजल शिविर लगाकर लोगों को ठंडा पानी, शरबत और शिकंजी पीला रहे हैं तो स्योहारा पालिका अधिशासी अपनी ज़िम्मेदारी से अंजान है उनको यह ही नही पता की पालिका की संपत्ति की मशीनरी कहा है और क्यों गायब है। ईओ अपनी ज़िम्मेदारी निभाने के सवाल पर बोलते हैं कि पालिका अधिशाषी अधिकारी अकेला सब चीजों को नही देख सकता है। नगर में मुख्य चौराहों पर लगाये गये प्याऊ या तो शो पीस बने हुए है या काफी स्थानों पर स्मास्याओं जैसे बिजली, पानी के कनेक्शन के ना होने के कारण बंद पड़े हुए है। वही आधा दर्जन के करीब प्याऊ ली मशीनरी गायब है।



# स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए सभी लोग नियमित रूप से करें योगाभ्यास-केशव मौर्या

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** 10 वां अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस जनपद में पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन ह्लह्लभारत स्काउट एण्ड गाईड कालेज में किया गया। कार्यक्रम में लगभग 8 हजार लोगों ने संयुक्त रुप से योगाभ्यास किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सांसद फूलपुर प्रवीण कुमार पटेल, विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य, सदस्य विधान परिषद सुरेन्द्र चौधरी, अपर पुलिस आयुक्त एन0 कोलांची, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रयाद मौर्य ने कहा कि स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए सभी को योग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कहावत है कि ह्यह्यपहला सुख-निरोगी कायाह्लह्ल। आज देश के लगभग सभी राज्यों के सभी जिलों, सभी तहसीलों, सभी ब्लाकों तथा ग्रामों के साथ-साथ विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोग प्रतिदिन योग करने के लिए संकल्प ले। उपमुख्यमंत्री ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समाज को बीमारियों व महामारियों से बचने के लिये योग को नियमित रुप से अपनाने पर बल दिया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद में वर्ष 2025 में महाकुम्भ का आयोजन होने जा रहा है, जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही है। उन्होंने कहा कि सभी प्रयागवासी आगामी कुम्भ में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर रहे। उपमुख्यमंत्री ने विशाल एवं ऐतिहासिक योग कार्यक्रम के आयोजन के लिये पूरे जिला प्रशासन एवं सहयोगी विभाग व प्रयागवासियों को बधाई दी। कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये युवाओं और बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखा गया प्रतिभाग करने के लिये दूर-दूर से आने वाले प्रतिभागी सुबह 4 बजे से ही एकत्र होने लगे थे तथा 5:30 होते होते लगभग पूरा परिसर योगाभ्यासियों से भर गया। आयोजकों की ओर से लगभग 8 हजार लोगों के योगाभ्यास के लिये प्रबन्ध किया गया था। लेकिन आगन्तुक उससे कहीं अधिक थे।



यह योगाभ्यास कार्यक्रम प्रतिवर्ष 21 जून को मनाये जाने वाले विश्व योग दिवस के साथ ही ह्लह्लयोग स्वयं एवं समाज के लियेह्लह्ल थीम को समाहित किये हुए था। दिनांक 15 जून से संचालित योग सप्ताह के समापन के पश्चात बृहद रुप में योगाभ्यास का आयोजन किया गया था। सम्पूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कन्नौजिया जी ने तैयार की थी जिसका क्रियान्वयन मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार एवं जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल जी के कुशल मार्गदर्शन में डा0 शारदा प्रसाद क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी तथा उनकी टीम द्वारा किया गया।

कार्यक्रम प्रयागराज की गरिमा के अनुरुप व्यापक और ऐतिहासिक रहा। पूरा क्षेत्र 4 जोन एवं 12 सेक्टरों में विभाजित किया गया था जिसमें 8 हजार से अधिक पंक्तिबद्ध योगाभ्यासी खड़े थे। योगाचार्य धर्मेन्द्र मिश्र ने भारत सरकार द्वारा जारी गाईडलाइन के अनुसार 45 मिनट का योगाभ्यास कराया, जिसमें 32 विभिन्न प्रकार के योगासन थे, प्रत्येक सेक्टर में दो-दो मास्टर टेन्नर की भी तैनाती की गई थी। योगाभ्यास के पश्चात सहयोगी संस्थाओं, विभागों एवं मास्टर ट्रेनरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। डा0 शारदा प्रसाद क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने अवगत कराया कि आयुष विभाग के चिकित्सालयों में योगाभ्यास के माध्यम से बीमारियों के इलाज के लिये कुशल योग प्रशिक्षक नियुक्त हैं जहां से जन सामान्य अपनी स्वास्थ्य समस्याओं से सम्बन्धित उपचार प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी प्वाईंट लोगों के आकर्षण का केन्द्र था, जहां सेल्फी लेने वालों की भीड़ लगी थी। डा0 संजीव वर्मा जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी ने वैद्यनाथ आयुर्वेद भवन, कमलेश कुमार द्विवेदी, भारत स्काउट एण्ड गाईड, राकेश तिवारी सिविल डिफेंस तथा संजय जैन का सहायोग हेतु विशेष आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एन0सी0सी0, एन0एस0एस0 एवं सिविल डिफेंस के स्वयं सेवकों का योगदान सराहनीय रहा। अन्त में जिला अधिकारी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर मुख्य विकास अधिकारी एवं जनपद के सभी अधिकारियों को बधाई दी। इसके साथ ही साथ जिले में उच्च न्यायालय इलाहाबाद में न्यायाधीशगण और उच्च न्यायालय स्टाफ ने समूहिक योगाभ्यास किया तथा जिला न्यायालय, आफिसर्स हास्टल, कंम्पनी बाग, सरस्वती घाट और जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत, टाउन एरिया, विकास खण्ड में योग दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के लाखों लोगों ने प्रतिभाग किया। डा0 शरदा प्रसाद, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के अनुसार जिले के प्रत्येक ब्लाक में दिनांक 15 जून से शिक्षकों, स्वयं सेवकों तथा इच्छुक व्यक्तियों के लिये योगाभ्यास प्रशिक्षण शिविर लगाया गया था, जिसमें जिले के प्रत्येक ग्राम सभा, टाउन एरिया, नगर निगम वार्ड से जन सामान्य को योगभ्यास से जोड़ने का प्रयास किया गया है। दिनांक 15 जून से नियमित रूप से भारत सरकार द्वारा जारी गाईडलाइन के अनुसार योगाभ्यास तथा योग के विषय में जानकारियां, प्रतियोगिताये संगोष्ठियों का आयोजन कर समाज को योग से जोड़ने का प्रयास किया गया है।

## गुमशुदा 5 वर्षीय बच्चे को मात्र 5 घण्टे के अन्दर बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी ।** शुक्रवार को कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत नई बस्ती पीरबटावन थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी में 05 वर्षीय बच्चे के अपने अपने घर के बाहर से गुम हो जाने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना पर थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्चे की बरामदगी हेतु अथक प्रयास कर मात्र 05 घण्टे के अन्दर बरामद कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी के शक्ति और सामर्थ्य के कारण पूरा विश्व योग कर सुखमय जीवन व्यतीत करनें की ओर बढ़ रहा है -विनोद प्रजापति

## यमुनापार के भाजपाइयों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जगह-जगह किया योग,निरोग रहनें का दिया संदेश

### यमुनापार के 20 मंडलों के अलावा भी जगह-जगह भाजपा विचार परिवार ने आयोजित हुए योगाभ्यास।



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भोर से ही भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज यमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने पंचमुखी हनुमान मंदिर कुटी सरौल करछना मंडल में कार्यकताओं संग योग करते हुए जन-जन से अपील किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच शक्ति और सामर्थ्य के कारण आज पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाते हुए नित्य योग कर अपना सुखमय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। आप सभी अपने-अपने जीवन में योग अपनाकर निरोगी जीवन को साकार करते हुए आगे बढ़े।

श्री सर्वेश्वर हनुमान मंदिर नारीबारी में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी भाजपा कार्यकर्ताओं व विचार परिवार के साथ शाखा पर योगासन किया। खण्ड संघ चालक शंकरगढ़ सूर्यकांत ने प्रशिक्षक के रूप में योग आसन,मुन्द्रा,प्राणायाम, सूर्य-नमस्कार आदि के विषय में सम्पूर्ण जानकारी के साथ योगाभ्यास कराते हुए कहा योग से मन मस्तिष्क और शरीर स्वस्थ रहता है योग अपनाकर रोग भगाने का सभी को प्रयास करना चाहिए।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व के मानव-कल्याण हेतू अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की मान्यता दिलाकर करोड़ों लोगों के जीवन को शारीरिक एवं मानसिक कल्याण के लिए सर्वोत्तम कार्य करने पर हम सभी को देशवासियों को प्रसन्नता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए सभी को शुभकामनाएं देकर योग को जीवन के दिनचर्या में रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष करछना पंकज द्विवेदी, शरद कुमार मिश्र,दीपक केसरवानी, बृजेश कुशवाहा,प्रधान प्रदीप कुमार मिश्र,रामभवन,गोरेलाल, प्रवीण मिश्रा,कान्हा चतुर्वेदी,दिव्यांशू चतुर्वेदी, अवधेश त्रिपाठी, दिवाकर, मुकेश,अनूप आदि रहें । भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि यमुनापार के 20 मंडलों मे योगाभ्यास आयोजित हुए जिसमें जिला, मंडल, शक्ति केंद्र,बूथ के कार्यकर्ता पदाधिकारी स्यमं सेवक सम्मिलित रहे।

## दो गुटों में बटी कांग्रेस, दोनों गुटों ने अलग-अलग तरीके से मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**उरई (जालौन)। दिनों-दिन** जनपद में कांग्रेस जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र शुक्ला व शहर कांग्रेस अध्यक्ष रेहान सिददीकी के बीच गुटबाजी सामने दिखाई देने लगी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कोई कार्यक्रम करते है तो शहर अध्यक्ष शामिल नहीं होते है अगर शहर अध्यक्ष रेहान सिददीकी कोई कार्यक्रम करते है जिलाध्यक्ष व उनकी टीम शामिल नहीं होती है।

अभी पश्चिम बंगाल में ट्रेन हादसे में हुई मौत पर मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र शुक्ला अपनी टीम के साथ कैंडिल मार्च निकाला था।उसके दूसरे दिन शहर कांग्रेस अध्यक्ष रेहान सिददीकी ने अपनी टीम के साथ ट्रेन हादसे मृतकों को श्रद्धांजलि देने के कैंडिल मार्च निकाला था। आज बुधवार को प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया जाना सुनिश्चित किया गया था।दोनों गुटों के कांग्रेसजनों ने अपने-अपने तरीके से राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने शहीद भवन रामनगर जिला कार्यालय में अपनी टीम के साथ केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया तो वहीं दूसरी ओर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रेहान सिददीकी ने अपनी टीम के साथ वृक्षारोपण एवं अस्पताल में मरीजों को फल वितरण कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन।दो गुटों बटी कांग्रेस से संगठन की भी हालत पतली होती जा रही है और जो लोग कांग्रेस से जुड़ना भी चाहते है वह भी गुटबाजी को देखकर कांग्रेस पार्टी से छिटकते दिखाई देने लगे है।वैसे तो जनपद जालौन में कांग्रेस पार्टी का संगठन धरातल पर ही नजर आ रहा है और जो रहा सहा है उसे आपस की गुटबाजी निपटाये दे रही है।

## अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर अवध विवि में करेंगे एक हजार लोग योग

**अयोध्या। डॉ. राममनोहर** लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्यता प्रदान करने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया। विश्वविद्यालय परिसर के विवेकानंद सभागार के सामने प्रातः पौने छह से पौने सात बजे तक होने वाले योग कार्यक्रम में लगभग एक हजार लोग शामिल होंगे। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र ने अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य देने के लिए समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, समन्वयक एनएसएस, एनसीसी, समस्त शिक्षक एवं अधिकारियों को सूचित किया। योग नोडल समन्वयक प्रो0 संत शरण मिश्र ने बताया कि 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी की जा चुकी है। इस कार्यक्रम को समुचित भव्यता व सार्थकता प्रदान के लिए सभी को छात्र-छात्राओं के साथ उपस्थित होना होगा। योग कार्यक्रम प्रातः 5:45 से शुरू होकर 6:45 तक सम्पन्न होगा। योग प्रशिक्षक की निगरानी में लगभग एक हजार लोगों को योग कराया जायेगा।

## विश्व योग दिवस की पूर्व संध्या पर जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन

**अयोध्या। वर्ल्ड योगासन** एवं योगासन भारत के महासचिव डॉ. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन तथा उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव रोहित कौशिक के नेतृत्व एवं योगासन स्पोर्ट्स उत्तर प्रदेश के समन्वयक पियूष कांत मिश्र के दिशा-निर्देशन में उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में चल रही जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिताओं के तत्वावधान में विश्व योगदिवस की पूर्व संध्या पर प्रथम जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता ध्यान केंद्र, योग विज्ञान विभाग डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में गुरूवार को सम्पन्न हुई।




इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो हिमांशु शेखर सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अर्चना सिंह, पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या रही। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में खेल का विशेष महत्व है। सरकार ने योग को एक खेल के रूप में मान्यता दे दी है। योगसन खेल, केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास भी करते हैं। कुछ खेल बच्चों के लिए होते हैं, कुछ बड़ों के लिए, कुछ वृद्धों के लिए होते हैं, जबकि ये एक ऐसा खेल हैं, जिसमें सभी वर्ग के लोग प्रतिभाग कर सकते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह रहे।

## थ्रेसर की चपेट में आकर युवक की मौत

**सबसे तेज प्रयागराज**

**अलीगढ़। गुरूवार को** थाना विजयगढ़ अन्तर्गत भटौली में युवक की ट्रैक्टर-थ्थ्रेसर में से कूड़ा निकालते समय थ्रेसर की चपेट मे आकर दर्दनाक मौत हो गई।



विजयगढ़ थाना क्षेत्र के भटौली निवासी अमन (22) पुत्र राजवीर सिंह 20 जून की सुबह अपने ट्रैक्टर-थ्रेसर से किसान के यहां उर्द निकालने गया था। थ्रेसर के ऊपर टापा में कूड़ा फंस गया, उसने चलते थ्रेसर में से कूड़ा निकालना चाहा । उसका हाथ और पैर थ्रेसर में चला गया। युवक की मौके पर मौत हो गई। उपस्थित लोगों ने बचाने की कोशिश की। थ्रेसर को तुरंत बंद कर दिया, लेकिन जब तक उसकी मौत हो चुकी थी। युवक के शव को देखकर परिवार में कोहराम मच गया। सैकड़ों की तादात में ग्रामीण एकत्रित हो गए।

## शहर में 10 सितम्बर तक धारा 144 लागू

**सबसे तेज प्रयागराज**

**अलीगढ़। 17 जुलाई को** मोहर्रम, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 19 अगस्त को रक्षाबंधन, 26 अगस्त को जन्माष्टमी के त्यौहार, जयंती मनाये जाने एवं विभिन्न मा0 आयोग द्वारा समय-समय पर आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत व अन्य संवेदनशील कारणों से आपातिक स्थिति है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर अमित कुमार भट्ट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि स्थानीय अभिसूचना एवं अन्य माध्यमों से यह ज्ञात हुआ है कि इस अवसर पर कतिपय असामाजिक तत्व महानगर की शान्ति-व्यवस्था भंग करने की कुचेष्ठा कर सकते हैं, जिससे महानगर की शान्ति एवं कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

## दबंगो ने युवक को बेरहमी से पीटा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**अलीगढ़। मेरिस रोड** स्थित अब्दुल्ला गर्ल्स स्कूल के पास कहासुनी पर दबंगों ने एक युवक को बेरहमी से पीटा दिया। इतना ही नही दबंग युवक को सड़क पर गिराकर काफी देर तक पीटते रहे। इससे सड़क के दोनो ओर जाम की स्थिति पैदा हो गई। राहगीर तमाशा देखते रहे, लेकिन किसी ने बीच बचाव नही किया। दबंगों ने युवक को लात घूंसों और बेल्ट से पीटा।

युवक बचाओ बचाओ चिल्लाता रहा, लेकिन दबंग पीटते रहे। उसने लोगो से बचाने की भी गुहार लगाई। मामले का एक वीडियो सोशल

## अतिक्रमणकारियों पर नगर निगम का शिकंजा

**अलीगढ़। प्रमुख चौराहो** पर आए दिन लगने वाले ट्रैफिक जाम से निजात और शहर में व्यवस्थित ट्रैफिक मैनेजमेंट के साथ-साथ प्रमुख सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने की मुहिम के क्रम में शहर के चौराहा पर 70 मीटर की परिधि में ई-रिक्शा और धकेल खड़ा करना प्रतिबंधित रहेगा उल्लंघन करने पर नगर निगम ऐसे ई रिक्शा चालकों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई भी करेगा।



गुरुवार को महापौर प्रशांत सिंघल पार्षद पुष्पेंद्र जादौन अनिल सेंगर और नगर आयुक्त अमित आसेरी ने शहर के प्रमुख चौराहों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के क्रम में सुतमिल चौराहे से नगर निगम के अभियान की शुरूआत की। अभियान में नगर निगम ने सुतमिल चौराहे के चारों ओर ई रिक्शा को खड़ा करने के नियत स्थान निर्धारित करते हुए निशानदेही की।

नगर आयुक्त अमित आसेरी ने बताया कि प्रमुख चौराहो के चारो दिशाओं में 70 मीटर-70 मीटर का एरिया प्रतिबांधित एरिया घोषित किया गया है और इस एरिया में धकेल, ई बैटरी रिक्शा व अन्य वाहनों को खड़ा करना बैन रहेगा और यदि कोई उल्लंघन करता हुआ पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध जुमार्ना व सामान जब्त करने की कार्यवाही नगर निगम द्वारा की जाएगी।

## किसानों को नलकूप का बिजली का बिल अब नहीं देना पड़ेगा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**उरई/जालौन। आपको बता** दे यह बात अधिशासी अभियंता महेंद्र नाथ भारती ने हमारे संवाददाता से एक मुलाकात में कहींजालौन नगर में विद्युत विभाग अपनी नैतिक जिम्मेदारी को निभाएगा इसी क्रम में ग्रामीण क्षेत्र की बिजली अलग कर नगर में 36 नए ट्रांसफार्मर 10 एमवीए के तीन ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं जिससे नगर वासियों को पर्याप्त बिजली की आपूर्ति मिल सके।



वहीं ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए हरदोई राजा में एक नया बिजली पावर हाउस बनाना प्रस्तावित है वही नगर के बीच छोटे बिजली घर को कायाकल्प किया जाएगा जिसमें उपभोक्ता अपना बिल जमा कर सकेंगे अपनी शिकायत दर्ज कर सकेंगे अपना सुझाव दे सकेंगे नगर में बिजली का लोड बढ़ने पर नए 36 ट्रांसफार्मर लगाया जा चुके हैं अब नगर को 140 ट्रांसफार्मर दिए जा चुके हैं जिसे बिजली आपूर्ति की जा रही है इसके अलावा 490 पोल लगाए गए जिन पर 19 किलोमीटर की केवल बिछाई गई है आर डी एस के तहत 553 फूलों पोलो पर 35 किलोमीटर की केबल डाली जा रही है जो बेड गंज तोप खाना बालाजी सहाव नाका में केबिल , डाली जा रही है।

## भीड़भाड़ वाले इलाकों में पम्पलेट बांट कर जनता को नशा मुक्ति हेतु किया जागरूक






**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** शासन के मंशा अनुरूप चलाए जा रहे नशा विरोधी पखवाड़ा के अंतर्गत व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार व जागरूकता अभियान चलाया जाना है , उक्त के क्रम में पुलिस महानिरीक्षक एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा समस्त यूनिट प्रभारी को व्यापक जागरूकता हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त निर्देश के क्रम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स लखनऊ उत्तर प्रदेश के निर्देशन में ऑपरेशनल यूनिट प्रयागराज के प्रभारी अतुल कुमार सिंह,उप निरीक्षक सत्येंद्र प्रधान, हेड कांस्टेबल धीरेंद्र, राजेश यादव, सत्येश राय, कांस्टेबल नीरज पांडेय आदि द्वारा रोडवेज,रेलवे स्टेशन व भीड़भाड़ वाले इलाकों में पम्पलेट चिपका व बांट कर जनता को नशा मुक्ति हेतु जागरूक किया गया तथा साथ ही में उनको यह भी बताया गया कि अगर आपके आस-पास नशीले पदार्थो की तस्करी , क्रय- विक्रय आदि क्रिया-कलाप में संलिप्त है तो इसकी जानकारी यूनिट के प्रभारी निरीक्षक के मोबाइल नंबर 9454400842 पर प्रदान करें आपका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## पुलिस और पशु तस्करों में मुठभेड़ एक घायल समेत तीन गिरफ्तार, 5 गोवंश तमंचा कारतूस बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेन्द्र सिह कालरा के नेतृत्व में गोवंशी पशुओं की तस्करी के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में देर रात को प्रभारी निरीक्षक तमकुहीराज पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान ग्राम शिव सरया समउर रोड पर नहर किनारे एक टाटा एस गोल्ड बिना नम्बर की आती दिखाई दी जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो उसमें सवार अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से गोली चलायी गयी जवाबी प्रतिरक्षा में



एक अभियुक्त इमाम हुसैन पुत्र मुस्तकीम निवासी मोरवन मठिया थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर घायल हो गया जिनको



गिरफ्तार कर लिया गया तथा इसके दो अन्य साथी शफीक पुत्र निजामुद्दीन निवासी पड़री तिलक राय थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर, अजीमुल्लाह पुत्र आशिक मिया निवासी लतवामुरलीधर थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी। अभियुक्तों के कब्जे/मौके से एक अदद मैजिक वाहन विना नम्बर के जिसमे क्रूरता पूर्वक बंधे 04 राशि गाय व 01 राशि बछड़ा, एक अदद तमन्चा 315 बोर,एक अदद खोखा कारतूस बोर 315 बोर,एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, की बरामदगी की गयी।

## सड़क चौड़ीकरण में विस्थापित दुकानदारों कों मिली बड़ी राहत

**अयोध्या। मण्डलायुक्त** गौरव दयाल की अध्यक्षता में अयोध्या विकास प्राधिकरण की 84वीं बोर्ड बैठक प्राधिकरण सभागार में सम्पन्न हुई। बोर्ड बैठक में महापौर अयोध्या महंत गिरीश पति त्रिपाठी, उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। प्राधिकरण बोर्ड द्वारा अयोध्या विकास प्राधिकरण के वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट की स्वीकृति प्रदान की गयी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 200 करोड़ रुपए के व्यय के बजटीय प्राविधान किया गया है। रामपथ, भक्ति पथ एवं जन्मभूमि




पथों के चौड़ीकरण से विस्थापित दुकानदारों कों अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित चार पार्किंग यथा-कौशलेश कुंज, अमानींगंज, टेढ़ीबाजार पूर्वी एवं टेढ़ी बाजार पश्चिमी जिसमें दुकाने आवंटित की गयी हैं। प्राधिकरण बोर्ड द्वारा उक्त आवंटियों को दुकानों के मूल्य में 30 प्रतिशत छूट देने तथा 20 वर्षों के ब्याज रहित किश्त पर दुकान आवंटित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

## आजाद हिन्द नगर के वाशिंदे नारकीय जीवन जीने को मजबूर

**अलीगढ़, जितेन्द्र कुमार। वार्ड** नं0 01 आजाद हिंद नगर के रहने वाले वाशिंदे स्मार्ट सिटी के बीच रहकर नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। यही कारण है। कि अलीगढ़ शहर को स्मार्ट सिटी में शुमार होने के बावजूद आज तक कोई विकास कार्य नहीं होने के चलते आजाद हिन्द नगर की गलियां कच्ची पडी हैं और नालियों में गंदगी का अंबार है। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि चुनाव के दौरान सभी दलों के प्रत्याशी वोट मांगने के लिए आते हैं। लेकिन चुनाव जीतने के बाद कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं झांकता है, यहीं कारण है कि यह क्षेत्र विकास कार्यों के लिए पिछडा हुआ है। इस



मोहल्ले में जलभराव और गंदगी के साथ ही लोगों के घरों से निकलने वाले पानी की निकासी ना होने के चलते।

इसकी शिकायत क्षेत्रीय लोगों के द्वारा कई बार इलाका पार्षद और नगर निगम के उच्च अधिकारियों से भी की गई। लेकिन शिकायत के बावजूद नगर निगम के अधिकारियों और पार्षद के कानों पर जूं नहीं रेंगी यही कारण है कि आज भी लोग इस स्मार्ट सिटी में रहकर नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।

वहीं स्मार्ट सिटी के वार्ड नंबर 01 आजाद हिन्द नगर में नारकीय जीवन जी रहे कि आजाद हिन्द नगर की कच्ची पड़ी गलियों में लोगों के घरों से निकलने वाले पानी की निकासी ना होने के चलते गंदा पानी कच्चे रास्तों पर भरा पड़ा है। बरसात के दौरान इलाके की गलियों में जलभराव होने से रास्तों पर कीचड़ हो जाने के चलते लोगों का रास्तों पर पैदल निकलना दूवर हो जाता है। क्षेत्रीय पार्षद के द्वारा भी कच्चे पड़े रास्ते और पानी की निकासी को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जलभराव और गंदगी के साथ ही पानी की निकासी की ना होने के चलते कई बार इसकी शिकायत उनके द्वारा इलाका पार्षद सहित नगर निगम के अधिकारियों से भी की गई। बावजूद इसके नगर निगम और इलाका पार्षद के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी हैं। आरोप है। कि नगर निगम के चुनाव से पहले भाजपा के प्रत्याशी इलाके के लोगों के पास वोट मांगने के लिए आए थे। उस दौरान उनके द्वारा क्षेत्र के लोगों से वायदा किया था कि उनके पार्षद बनते ही बदहाल पड़े। इलाके के दुखों को दूर कर उनको इस नारकीय जीवन से निजात दिलाया जाएगा। प्रत्याशी के जीतने के बाद इलाके के लोगों के पास आज तक नहीं पहुंची। लेकिन उनके द्वारा अभी तक विकास के नाम पर कोई कार्य नहीं कराया गया है। केवल विकास के नाम पर रास्तों की नपाई करते हुए। खानापूर्ति की गई है।

## राजेश कुमार बने भेल के डायरेक्टर फाइनेंस

एजेंसी

**भोपाल।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) कंपनी के डायरेक्टर फाइनेंस के पद पर राजेश कुमार द्विवेदी को नियुक्त किया गया है। द्विवेदी को चार माह पहले साक्षात्कार में चयन किया गया था लेकिन तब लोकसभा की आदर्श चुनाव आचार संहिता एवं अन्य समस्याओं के कारण उनकी तैनाती नहीं हो सकी थी। वह 31 जनवरी 2028 तक भेल दिल्ली कारपोरेट में डायरेक्टर फाइनेंस के पद पर रहेंगे।

## किसानों के बाद मध्य आय वर्ग को राहत की उम्मीद, स्मॉल सेविंग स्कीम्स की बढ़ सकती है ब्याज दर

**नई दिल्ली।** किसानों को राहत देने के लिए 14 फसलों की एमएसपी बढ़ाने के बाद केंद्र सरकार मध्य आय वर्ग को भी राहत पहुंचाने वाली है। उम्मीद की जा रही है कि इस साल जुलाई में केंद्र सरकार लघु बचत योजनाओं (एसएसएस) की ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने का फैसला ले सकती है। केंद्र सरकार तिमाही आधार पर लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों की समीक्षा करती है। इसके आधार पर इन योजनाओं की ब्याज दरों में बदलाव करने का फैसला लिया जाता है। इसके पहले मार्च के अंतिम सप्ताह में अप्रैल से लेकर जून 2024 तक के लिए लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों को तय किया गया था। अब अगले सप्ताह केंद्र सरकार लघु बचत योजनाओं की समीक्षा के बाद ब्याज दरों में बढ़ोतरी का फैसला ले सकती है। इन लघु बचत योजनाओं में सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई), पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ), राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (एनएससी), वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) और महिला सम्मान बचत योजना जैसी योजनाएं शामिल है। इसके अलावा मंथली इनकम स्कीम और किसान विकास पत्र जैसी योजनाएं भी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं।

## सर्राफा बाजार में सपाट कारोबार, सोना-चांदी की कीमत में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगभग सपाट स्तर पर कारोबार होता नजर आ रहा है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज सोना मामूली उतार चढ़ाव के साथ कारोबार कर रहा है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। सर्राफा बाजार की मंद चाल के कारण चेन्नई के अलावा देश के दूसरे सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 72,460 रुपये से लेकर 72,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के बीच कारोबार कर रहा है। चेन्नई में 24 सोना 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर बिक रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 66,790 रुपये से लेकर 66,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। चांदी के भाव में भी ज्यादा बदलाव नहीं होने की वजह से आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 90,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## जीएसटी परिषद की शनिवार को होगी बैठक, ऑनलाइन गेमिंग पर चर्चा संभव

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद 22 जून, शनिवार को होने वाली बैठक में कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकती है। बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर कराधान और संबंधित पक्ष सेवाओं पर कंपनी की गारंटी के अलावा दूरसंचार कंपनियों के भुगतान की गई स्पेक्ट्रम फीस पर टैक्स लगाने का मुद्दा भी शामिल है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक होगी। नई दिल्ली में आयोजित परिषद की इस बैठक में जीएसटी की दरों को तर्कसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह (जीओएम) की रिपोर्ट को अंतिम रूप देने पर हुई प्रगति पर चर्चा होने की संभावना है। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और राज्यों के वित्त मंत्री भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक आठ महीने के अंतराल के बाद हो रही है। इससे पहले परिषद की 52वीं बैठक सात अक्टूबर, 2023 को हुई थी।

## फ्लिपकार्ट ने जयपुर में खोला अपना ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर

**जयपुर।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने उपभोक्ताओं को उनकी प्राथमिकता के आधार पर डिलीवरी स्लॉट उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती देने के लिए राजस्थान की राजधानी जयपुर में अपना नया ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर खोला है। राज्य में फ्लिपकार्ट के इस पहले ग्रॉसरी एफसी से ऑनलाइन ग्रॉसरी को लेकर उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को ज्यादा तेजी से पूरा करने में मदद मिलेगी, साथ ही पूरे राज्य में इस सेवा को विस्तार दिया जा सकेगा। स्थानीय ग्राहकों को लेकर व्यापक समझ का लाभ लेते हुए नए एफसी के माध्यम से अनाज, खाद्यान्न, पेय पदार्थों, स्नैक्स, पर्सनल केयर और हाउसहोल्ड क्लीनिंग एड सेगमेंट में 5,000 से ज्यादा उत्पादों में से चुनने का मौका मिलेगा। इन उत्पादों में गेंडा, सरस, गोवर्धन, महाकोश, राजधानी, देसी चॉइस, लक्ष्मी भोग, टैगोर व अन्य लोकप्रिय स्थानीय ब्रांड शामिल हैं।

# ईपीएफओ ने अप्रैल महीने में 18.92 लाख सदस्य जोड़े

### मार्च की तुलना में 31.29 फीसदी की बढ़ोतरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अप्रैल महीने में शुद्ध रूप से 18.92 लाख सदस्य जोड़े हैं। इस साल मार्च की तुलना में अप्रैल में शुद्ध रूप से जुड़े सदस्यों की संख्या में 31.29 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई हैं।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि अप्रैल में शुद्ध रूप से 18.92 लाख सदस्य जोड़े गए हैं। यह संख्या अप्रैल, 2023 की तुलना में 10 फीसदी अधिक है।

आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल में लगभग 8.87 लाख नए सदस्य नामांकित हुए हैं। ईपीएफओ से जुड़ने वाले कर्मचारियों में 18-25 आयु वर्ग का दबदबा दिखाई देता है, जबकि जोड़े गए कुल नए सदस्यों में इस आयु वर्ग की हिस्सेदारी 55.50 फीसदी है। आंकड़ा से पता चलता है कि लगभग 14.53 लाख सदस्य ईपीएफओ से अलग हुए, जो दोबारा इसका हिस्सा बने हैं। आंकड़ों के लिंग-आधारित विश्लेषण से पता




चलता है कि 8.87 लाख नए सदस्यों में से लगभग 2.49 लाख नई महिला सदस्य हैं। इसके साथ ही अप्रैल में शुद्ध रुप से महिला सदस्यों का जुड़ाव लगभग 3.91 लाख रहा, जो मार्च की तुलना में करीब 35.06 फीसदी अधिक है। ईपीएफओ से नेट जुड़ने वाले सदस्य महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात और हरियाणा में सबसे अधिक हैं। इन राज्यों में शुद्ध सदस्य जुड़ाव का करीब 58.30 फीसदी हिस्सा है। इन सभी राज्यों में महाराष्ट्र इस महीने 20.42 फीसदी शुद्ध सदस्य जोड़कर सबसे आगे रहा।

## स्विस बैंकों में भारतीयों का जमा धन चार साल के निचले स्तर 9,771 करोड़ रुपये पर पहुंचा

एजेंसी

**नई दिल्ली/ज्यूरिख।** स्विस बैंकों में भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा जमा धन, 2023 में 70 फीसदी की तेज गिरावट के साथ चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक (9,771 करोड़ रुपये) पर आ गया है।

स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक की ओर से जारी वार्षिक आंकड़ों के मुताबिक स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के कुल जमा धन में लगातार दूसरे वर्ष गिरावट आई है। स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से स्विस बैंकों में भारतीय व्यक्तियों और फर्मों का रखा धन 2023 में 70 फीसदी घटकर चार साल के निचले स्तर 1.04 बिलियन स्विस फ्रैंक (9,771 करोड़ रुपये) पर आ गया है। यह 2021 में 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पर पहुंच गया था। स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) ने जारी आंकड़ों में बताया है कि उसके पास 2023 के अंत में भारतीयों की कुल देनदारी 1,039.8 मिलियन सीएचएफ (स्विस मुद्रा फ्रैंक) की है। बैंक ने इसे कुल देनदारी यानी बकाया राशि बताया है। बैंक के मुताबिक इस राशि में 310 मिलियन फ्रैंक ग्रहकों के जमा राशि के रूप में,




427 मिलियन फ्रैंक दूसरे बैंकों के जरिए, 10 मिलियन फैंक ट्रस्ट्स के माध्यम से और 302 मिलियन फ्रैंक की राशि बॉन्ड्स, सिक्योरिटीज और अन्य फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट्स के रूप में है। एसएनबी के आंकड़ों के अनुसार 2006 में कुल राशि करीब 6.5 बिलियन स्विस फ्रैंक के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर थी, जिसके बाद यह 2011, 2013, 2017, 2020 और 2021 सहित कुछ वर्षों को छोड़कर ज्यादातर नीचे की ओर रही है। इसमें गिरावट की मुख्य वजह बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से रखे गए धन में तेज गिरावट है।

उल्लेखनीय है कि ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों द्वारा बताए गए आधिकारिक आंकड़े हैं। लेकिन, ये स्विटजरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आंकड़ों में वह धन नहीं शामिल है, जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखा हो सकता है।

# उद्योग जगत ने वित्त मंत्री से कर बोझ घटाने और पूंजीगत व्यय बढ़ाने का किया आग्रह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उद्योग जगत ने केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मंत्री निर्मला सीतारमण से बजट में आम लोगों पर कर का बोझ कम करने, पूंजीगत व्यय जारी रखने और खाद्य वस्तुओं की महंगाई को काबू में लाने के लिए उपाय करने का आग्रह किया है।

वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में आम बजट पेश होने से पहले तीसरी परामर्श बैठक की।

सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आगामी आम



बजट 2024-25 के संबंध में आम बजट से पहले परामर्श बैठक में उद्योग प्रमुखों और संगठनों ने सरकार से आर्थिक वृद्धि की गति बनाये रखने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित करने का भी आग्रह किया।

मंत्रालय के मुताबिक आगामी आम बजट 2024-25 को लेकर उद्योग प्रमुखों और संगठनों के साथ तीसरे बजट-पूर्व परामर्श बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव और व्यय विभाग के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई मंत्रालय) के सचिव और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए।

## एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स का आईपीओ 25 जून को खुलेगा, प्राइस बैंड 267-281 रुपये तय

एजेंसी

**मुंबई/नई दिल्ली।** ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 25 जून को खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 267-281 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी की योजना 1,500 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी ने जारी बयान में कहा कि उसका आईपीओ 25 से 27 जून तक खुला रहेगा, लेकिन बड़े निवेशक 24 जून को शेयर खरीद सकेंगे। इसके लिए मूल्य दायरा 267-281 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। आरंभिक शेयर बिक्री में एक हजार करोड़ रुपये मूल्य के नए इक्विटी शेयरों का निर्गम है।

ब्रोकिंग कंपनियों ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के बाद कंपनी का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 7,860 करोड़ रुपये आंका है। कंपनी नए निर्गम से प्राप्त 720 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल कर्ज भुगतान के लिए करेगी, जबकि एक हिस्सा सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाएगा। दिसंबर, 2023 तक कंपनी के खातों पर कुल कर्ज करीब 808 करोड़ रुपये था। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड को एबीडी के तौर पर जाना जाता है। यह भारतीय निर्मित विदेशी शराब कंपनी है, जिसका मुख्यालय मुंबई में स्थित है। यह व्हिस्की, रम, वोदका, ब्रांडी और अन्य स्पिरिट का एक प्रमुख वितरक है, जिसका दुनियाभर के 22 देशों में निर्यात होता है।

# दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज बाइनेंस पर जुर्माना, एफआईयू ने की कार्रवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट (एफआईयू-आईएनडी) ने दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज बाइनेंस पर 18.82 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही बाइनेंस को भारतीय निवेशकों से जुड़े लेन-देन के सभी रिकार्ड को मेंटेन करने और भारतीय नियमों का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है। फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट ने कुछ समय पहले ही 9 विदेशी क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंजों को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) 2002 का अनुपालन नहीं करने और भारत में रजिस्ट्रेशन नहीं कराने के आरोप में ब्लॉक किया था। फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट की जांच में पिछले साल दिसंबर में इस बात का पता चला था कि बाइनेंस समेत होऊबी, कुकॉइन और ओकेएक्स जैसे 9 विदेशी क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज भारतीय कानून के




तहत रजिस्टर्ड नहीं हैं। इसके साथ ही इन क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंजों द्वारा पीएमएलए 2002 के नियमों का अनुपालन नहीं करने की बात का भी पता चला था।

इस बात की जानकारी होने के बाद इस साल जनवरी में इन क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज के यूआरएल को ब्लॉक करने का आदेश दिया गया था। इसके साथ ही एपल और गूगल के प्ले स्टोर से इन क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंजों के ऐप को हटा दिया गया था। इन क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज के सामने शर्त रखी गई थी कि भारत में अपना कारोबार जारी रखने के लिए वे भारतीय कानून के तहत अपना रजिस्ट्रेशन करा लें और पीएमएलए 2002 के प्रावधानों को मानने का वचन दें। भारत में कारोबार पर रोक लगने के बाद बाइनेंस की प्रतिद्वंद्वी कंपनी कुकॉइन ने 34.50 लख रुपये का जुर्माना चुकाने के बाद भारत में अपना रजिस्ट्रेशन भी करा लिया और कामकाज की शुरुआत भी कर दी। दूसरी ओर ओकेएक्स ने 30 अप्रैल के बाद भारत में अपने कामकाज को पूरी तरह से बंद कर दिया। भारत सरकार के कड़े तेवर के बाद बाइनेंस में भी शुरुआती रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। ऐसे में फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट द्वारा लगाए गए 18.82 करोड़ रुपये के जुर्माने को अदा करने के बाद ये कंपनी भी भारत में क्रिप्टो करेंसी का अपना कारोबार दोबारा शुरू कर सकेगी।

## भारत की वित्तीय प्रणाली बहुत मजबूत स्थिति में है : शक्तिकांत दास

एजेंसी

**मुंबई।** भारत की घरेलू वित्तीय प्रणाली कोरोना महामारी से पहले की तुलना में अब ज्यादा मजबूत स्थिति में है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने 'वित्तीय प्रणाली को लचीला, भविष्य के लिए तैयार और संकट से निपटने में सक्षम' बनाए रखने से जुड़े एक सत्र के उद्घाटन के बाद संबोधित करते हुए यह बात कही।

शक्तिकांत दास मुंबई में इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान (आईजीआईडीआर) परिसर में वित्तीय लचीलेपन पर वैश्विक सम्मेलन में कहा कि हमारा घरेलू वित्तीय तंत्र अब ज्यादा मजबूत स्थित में है। उन्होंने कहा कि समय पर की गई हमारी कार्रवाई से असुरक्षित कर्ज की वृद्धि धीमी हुई। यदि ध्यान नहीं दिया गया तो असुरक्षित कर्ज की कमजोरियां एक बड़ी समस्या बन सकती हैं। आरबीआई गवर्नर ने कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स द्वारा आयोजित वित्तीय लचीलेपन पर दूसरे वैश्विक सम्मेलन में कहा कि मजबूत पूंजी पर्याप्तता, गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों का निम्न स्तर और स्वस्थ



लाभप्रदता देश के बैंकिंग और गैर-बैंकिंग उधारदाताओं की पहचान बन चुकी है। शक्तिकांत दास ने कहा कि मैं बैंकों और अन्य वित्तीय क्षेत्र की संस्थाओं को 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में इस तरह के शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि आत्मसंतोष के लिए बिल्कुल कोई जगह नहीं है, दुनिया बदल रही है, चुनौतियां आ रही हैं। लेकिन हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

# बियॉन्ड की ने जीता ड्रीम कंपनीज टू वर्क फॉर का पुरस्कार

एजेंसी

**इन्दौर।** विश्व की अग्रणी प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता कंपनी 'बियॉन्ड की' ने प्रतिष्ठित ÷ड्रीम कंपनीज टू वर्क फॉर÷ पुरस्कार हासिल किया है। यह पुरस्कार मध्य प्रदेश बेस्ट एम्प्लॉयर ब्रांड अवार्ड्स-2024 द्वारा आयोजित किया गया था। इंदौर-आईएचसीएल सलेक्शन्स स्थित वॉव क्रेस्ट में आयोजित इस पुरस्कार समारोह में 100 से अधिक कंपनियां और 200 से अधिक वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

मध्य प्रदेश बेस्ट एम्प्लॉयर ब्रांड अवार्ड्स ने रचनात्मकता, नवाचार और कर्मचारी कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में बियॉन्ड की द्वारा किए गए कार्यों के आधार पर पुरस्कार के लिए चयनित किया। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और भारत में परिचालन कर रही 'बियॉन्ड की' एक अग्रणी प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता कंपनी के रूप में मानक स्थापित करते हुए अपने विशेषज्ञों के विकास और मानसिक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। पुरस्कार चयन समिति ने कहा कि यह कंपनी पेशेवर और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देती है, समग्र अनुभव को समृद्ध करती है और एक सहायक कार्य संस्कृति विकसित करती है।

बियॉन्ड की के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीयूष गोयल ने यह पुरस्कार मिलने पर कहा कि , ÷हम 'ड्रीम कंपनीज टू वर्क फॉर' पुरस्कार प्राप्त करके बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह एक प्रेरणादायक और फलदायी कार्यस्थल वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में हमारे समर्पण का प्रमाण है।उन्होंने कहा, हम एक ऐसी समावेशी कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखेंगे, जो सीखने की प्रक्रिया के साथ-साथ विकास को प्रोत्साहित करती है और हमारे विशेषज्ञों को संगठनात्मक लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अपनी सर्वोत्तम क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती है।'

**क्या है बियॉन्ड की:**

बियॉन्ड की 2005 में स्थापित एक प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता कंपनी है, जो वर्षों से उच्च स्तर के एंड-टू-एंड सॉफ्टवेयर समाधान और परामर्श सेवाएं प्रदान कर रही है। 'बियॉन्ड की' उल्लेखनीय सॉफ्टवेयर समाधान विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न उद्योग क्षेत्रों में ग्राहकों को कई परियोजनाओं पर शानदार सहायता प्रदान करती है। यह प्रतिभाशाली सॉफ्टवेयर पेशेवरों के साथ विकास के पथ पर अग्रसर माइक्रोसॉफ्ट सल्यूशन्स पार्टनर है। 'बियॉन्ड की' अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मध्य पूर्व, यूरोप और भारत में बिजनेस इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, चैटबोट, साइबर सुरक्षा और वेब और मोबाइल ऐप डेवलपमेंट जैसी विभिन्न तकनीकों में उत्कृष्ट परामर्श प्रदान करती है।

# शेयर बाजार में तेजी से सेंसेक्स और निफ्टी उछले, निवेशकों ने कमाए 1.91 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार एक बार फिर बढ़त के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स और निफ्टी ने लाल निशान में गोता लगा दिया। सुबह 10 बजे के बाद खरीदारों ने अपना जोर बना दिया, जिसकी वजह से शेयर बाजार एक बार फिर हरे निशान में पहुंच कर कारोबार करने लगा। पूरे दिन हुई खरीद-बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.18 प्रतिशत और निफ्टी 0.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में रियल्टी और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। कैपिटल गुड्स और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी



बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। फार्मास्युटिकल, ऑटोमोबाइल, यूटिलिटी और पीएसयू बैंकों के शेयरों में लगातार दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.55 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1 प्रतिशत उछल कर आज के कारोबार का अंत किया।आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 2 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 435.86 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 433.95 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.91 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,981 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,288 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,562 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 131 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,312 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,505 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 807 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर बढ़त के साथ और 15 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 27 शेयर हरे निशान में और 23 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 217.24 अंक की मजबूती के साथ 77,554.83 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक सारी बढ़त गंवा कर 237.23 अंक की कमजोरी के साथ 77,100.36 अंक के स्तर तक लुढ़क गया। सुबह 10 बजे के बाद खरीदारों ने अपना जोर दिखाया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक निचले स्तर से 500 अंक से अधिक उछल कर 305.50 अंक की बढ़त के साथ 77,643.09 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से ये सूचकांक अपनी बढ़त कायम नहीं रख सका। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 141.34 अंक की तेजी के साथ 77,478.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 70.15 अंक उछल कर 23,586.15 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण ये सूचकांक ओपनिंग लेवल से 140 अंक से ज्यादा टूट कर 73.40 अंक की गिरावट के साथ 23,442.60 अंक तक पहुंच गया। दिन के पहले घंटे में ही खरीदारों ने बाजार में अपना जोर बना दिया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में तेजी आने लगी। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से ये सूचकांक निचले स्तर से 180 अंक से भी अधिक उछल कर 108 अंक की मजबूती के साथ 23,624 अंक के स्तर तक पहुंच गया।

# केंद्र ने मलावी और जिम्बाब्वे को 2 हजार मीट्रिक टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की दी अनुमति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दो अफ्रीकी देशों मलावी और जिम्बाब्वे को 2 हजार मीट्रिक टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी है। अधिसूचना के मुताबिक इन दोनों देशों को एक-एक हजार मीट्रिक टन गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने जारी एक अधिसूचना में कहा है कि मलावी और जिम्बाब्वे को 2 हजार मीट्रिक टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की मंजूरी दी गई है। अधिसूचना के



अनुसार निर्यात को राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से अनुमति दी गई है। इसके तहत इन दोनों देशों को एक-एक हजार मीट्रिक टन गैर-बासमती चावल निर्यात की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और कीमतों पर नियंत्रण के लिए 20 जुलाई, 2023 से गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा हुआ है। लेकिन अनुरोध पर कुछ देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार ने निर्यात की मंजूरी दी है। इससे पहले भारत सरकार ने नेपाल, कैमरून, कोट डी आइवर, गिनी, मलेशिया, फिलीपींस और सेशेल्स जैसे देशों को ऐसे निर्यात की अनुमति दी है।

## ईस्ट बंगाल ने कप्तान क्लेटन सिल्वा का अनुबंध एक साल के लिए बढ़ाया

एजेंसी

**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल ने कप्तान क्लेटन सिल्वा का अनुबंध एक साल के लिए बढ़ा दिया है, जो 2024-25 सत्र के अंत तक चलेगा। सुपर कप फुटबॉल चैंपियन टीम ने यह घोषणा की। क्लेटन इस साल की शुरुआत में सुपर कप में ईस्ट बंगाल के विजयी अभियान के दौरान शीर्ष स्कोरर थे और उन्होंने इंडियन सुपर लीग में भी टीम के लिए सबसे अधिक गोल किए। ईस्ट बंगाल के साथ अपना सफर जारी रखने को लेकर खुश क्लेटन ने कहा कि मैंने हमेशा अपने प्रशंसकों और अपनी टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। उन्होंने कहा कि ईस्ट बंगाल के साथ सुपर कप जीतना हमेशा मेरे करियर के सबसे शानदार क्षणों में से एक रहेगा।

क्लेटन के कार्यकाल के विस्तार का मतलब है कि ईस्ट बंगाल की टीम में भारत के तीन प्रमुख घरेलू टूर्नामेंटों के शीर्ष गोल स्कोरर रहेंगे जिसमें दिमित्रियोस डायमेंटाकोस (आईएसएल), क्लेटन (सुपर कप) और डेविड लालहलनसांगा (डूरंड कप) शामिल हैं। बेंगलुरु एफसी से 2022 में ईस्ट बंगाल एफसी में शामिल होने के बाद क्लेटन ने टीम के लिए 55 मैचों में 27 गोल किए और आठ गोल करने में मदद की। ब्राजील का यह फारवर्ड 12 गोल के साथ आईएसएल 2022-23 का संयुक्त रूप से शीर्ष गोल स्कोरर भी रहा है।

## बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच से ग्रीनपार्क का सूखा होगा खत्म

**कानपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों के लिए सूखे का दंश झेल रहे कानपुर के ग्रीनपार्क को एक बार फिर से केवल टेस्ट मैच के लिए चुन ही लिया गया। हालांकि इसके लिए कानपुर के क्रिकेट प्रेमियों को लगभग तीन साल का लम्बा इन्तजार करना पड़ गया। बीसीसीआई की ओर से घरेलू श्रृंखला की घोषणा की गयी जिसमें बांग्लादेश की टीम के खिलाफ भारतीय टीम टेस्ट मैच खेलेगी। पहली बार नगर की सरजमीं पर बांग्लादेश की टीम के खिलाफ भारतीय टीम 27 सितम्बर से एक अक्टूबर के बीच श्रृंखला का दूसरा मैच खेलने आएगी। यह पहली बार होगा जब बांग्लादेश की टीम नगर में अपना पहला टेस्ट मैच खेलगी। कानपुर के ग्रीनपार्क को 2021 के बाद टेस्ट मैच मिला है। क्रिकेट प्रेमियों को पूरे तीन साल का लंबा इंतजार करना पड़ा। बांग्लादेश और टीम इंडिया के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच कानपुर के ग्रीनपार्क में खेला जाएगा। तीन साल पहले ग्रीनपार्क टेस्ट मैच का गवाह बना था। साल 2021 में टीम इंडिया ने ग्रीनपार्क में टेस्ट मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था, जिसमें हार जीत का निर्णय अंतिम दिन तक नहीं हो सका था।

## चिराग-सात्विक पर ओलंपिक में पदक जीतने का दबाव, बोले- हम इसे सकारात्मक रूप से ले रहे हैं

**नई दिल्ली।** ओलंपिक में पदक के प्रबल दावेदार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कहा कि उन पर अपेक्षाओं का दबाव है लेकिन वे इसे झेलने के लिए तैयार हैं क्योंकि वह इसे सकारात्मक रूप से देख रहे हैं। पेरिस ओलंपिक खेल शुरू होने में अब कुछ दिन ही बचे हैं और भारतीय बैडमिंटन की स्टार जोड़ी ने स्वीकार किया कि उनसे काफी उम्मीदें की जा रही हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक के साथ एक कार्यक्रम में बात करते हुए सात्विक ने कहा कि वे देश का गौरव बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सात्विक ने कहा,''हम ओलंपिक में भारतीय के ध्वज को ऊंचा रखने की अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं। हम इसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।'' चिराग दबाव को लेकर चिंतित नहीं है क्योंकि वह अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए सकारात्मक बने रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा, दबाव है लेकिन हम इसे सकारात्मक रूप से देख रहे हैं। चिराग ने टोक्यो ओलंपिक से जुड़ी यादों पर भी बात की जो उनका पहला ओलंपिक भी था।

उन्होंने कहा, टोक्यो ओलंपिक में भाग लेना और यह अहसास होना कि हम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल हैं, शानदार अनुभव था। ओलंपिक गांव में घूमते समय मुझे लगा कि दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भी आम इंसानों जैसे ही हैं लेकिन वह अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ हैं। सात्विक ने खुलासा किया कि तोक्यो ओलंपिक के दौरान वह प्रत्येक मैच से पहले नीरज चोपड़ा से हाथ जरूर मिलाते थे जिन्होंने इन खेलों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था।

## कोटा बदलने की मंजूरी के बाद श्रेयसी सिंह भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएफएसएफ) से मंजूरी मिलने के बाद अनुभवी ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के लिए 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने आईएसएसएफ से मंजूरी मिलने के बाद यह घोषणा की। भारतीय संघ ने निशानेबाजी की विश्व संस्था से कोटा बदलने का आग्रह किया था। मनु भाकर एयर पिस्टल और स्पोर्ट्स पिस्टल दोनों में शीर्ष पर रही थी इसलिए उनका एक कोटा स्थान महिला ट्रैप निशानेबाजी में बदल दिया गया जिससे श्रेयसी को टीम में जगह मिल गई। श्रेयसी सक्रिय राजनीति में भी शामिल हैं और बिहार के जमुई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। यह 32 वर्षीय निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी के साथ महिला ट्रैप स्पर्धा में भाग लेंगी।

## रिकी पोंटिंग ने पैट कमिंस को आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर की ट्रॉफी प्रदान की

एजेंसी

**एंटीगुआ।** ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने शुक्रवार को (भारतीय समयानुसार) सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में स्टार ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस को आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार प्रदान किया। आईसीसी हॉल ऑफ फ़ेमर और 2006 और 2007 में इसी सम्मान के विजेता पोंटिंग ने अपने हमवतन कमिंस को 2023 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी प्रदान की। कमिंस ने बतौर कप्तान 2023 में अपने देश को एकदिनी विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाया। दोनों ही मौके पर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया।

उन्होंने 2023 में 27.50 की औसत से 42 टेस्ट विकेट लिए, 254 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने उनके नेतृत्व में भारत में एक टेस्ट जीता और घर से दूर एशेज बरकरार रखी। कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां उन्होंने 15 विकेट लिए।



2024 में टी20 विश्व कप जीत के साथ, कमिंस की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया के पास व्हाइट-बॉल विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप दोनों जीतने का अवसर है। 31 वर्षीय खिलाड़ी 2024 में भी प्रभावित करना जारी रखा है, उन्होंने 25.64 की औसत से 17 टेस्ट विकेट लिए और बल्ले से 26 की औसत से 157 रन बनाए, साथ ही आठ से कम की इकॉनमी से इतने ही टी20 मैचों में पांच विकेट लिए।

वर्तमान में, कमिंस ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन टीम का हिस्सा हैं, जो बांग्लादेश के खिलाफ चल रहे आईसीसी टी-20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 मैच में खेल रही है।

## टी-20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले सातवें और दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बने पैट कमिंस

एजेंसी

**एंटीगुआ।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने शुक्रवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर 8 मुकाबले में हैट्रिक लेकर एक विशेष उपलब्धि हासिल कर ली है।

कमिंस टी-20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले सातवें और दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बन गए हैं, वहीं टी-20 विश्व कप 2024 में यह पहली हैट्रिक है। पैट कमिंस के पहले दो विकेट 18वें ओवर के पांचवें और छठे गेंद पर आए- दोनों ही विकेट हार्ड लेंथ गेंदों पर मिले। महमुदुल्लाह ने पहले कमिंस को पुल करने की कोशिश की, और गेंद को वापस स्टंप पर खेल दिया, इससे पहले महेदी हसन ने कमिंस की गेंद को सीधे डीप थर्ड पर तैनात फील्डर के हाथ में मार दिया।

फिर उन्होंने अंतिम ओवर की शुरुआत में धीमी गेंद पर खतरनाक तौहीद हृदय को आउट किया। हृदय ने उन्हें कंधे के ऊपर से स्कूप करने की कोशिश की, लेकिन कमिंस ने उन्हें चकमा दे दिया, और बल्लेबाज ने शॉर्ट फाइन लेग पर आसान सा कैच



फील्डर को दे दिया। इससे पहले केवल ब्रेट ली ने ऑस्ट्रेलिया के लिए हैट्रिक ली थी - वह भी बांग्लादेश के ही खिलाफ।

ब्रेट ली ने 2007 में शाकिब अल हसन, मशरफे मुर्तजा और आलोक कपाली को आउट कर हैट्रिक पूरी की थी।

**आईसीसी टी-20 विश्व कप में हैट्रिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची-**

वर्ष- खिलाड़ी- देश - विरोधी टीम
2007 ब्रेट ली ऑस्ट्रेलिया बांग्लादेश
2021 कर्टिस कैंफर आयरलैंड नीदरलैंड
2021 वानिंदु हसरंगा श्रीलंका दक्षिण अफ्रीका
2021 कागिसो रबाडा दक्षिण अफ्रीका इंग्लैंड
2022 कार्तिक मयप्पन यूएई श्रीलंका
2022 जोश लिटिल आयरलैंड न्यूजीलैंड
2024 पैट कमिंस ऑस्ट्रेलिया बांग्लादेश

## यूरो 2024: डेनमार्क ने इंग्लैंड से ड्रा खेला, स्पेन ने इटली को हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई

एजेंसी

**बर्लिन।** स्पेन ने यूरो 2024 ग्रुप चरण के दूसरे दौर में ग्रुप बी के मुकाबले में रिकार्डो कैलाफियोरी के आत्मघाती गोल से इटली को हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया, जबकि इंग्लैंड ने डेनमार्क से 1-1 से ड्रा खेला।

मैच में इंग्लैंड ने जोरदार शुरूआत की और मैच के 18वें मिनट में हैरी केन ने गोल कर अपनी टीम का खाता खोला। हालांकि मैच के 34वें मिनट में मोर्टेन हुल्मंड के गोल से डेनमार्क ने 1-1 की बराबरी हासिल कर ली और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

ग्रुप सी के दूसरे मुकाबले में सर्बिया ने लुका जोविक के इंजरी टाइम में किये गए गोल कर बदौलत स्लोवेनिया के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला। स्लोवेनिया के लिए बेंजामिन सेस्को ने 69वें मिनट में गोल किया



था।इन नतीजों के साथ, ग्रुप सी में इंग्लैंड (4 अंक) शीर्ष पर बना हुआ है, उसके बाद डेनमार्क, स्लोवेनिया (दोनों 2 अंक) और सर्बिया (1 अंक) का स्थान है। ग्रुप बी में, स्पेन ने लगातार दूसरी जीत हासिल करके अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है।

स्पेन ने एकतरफा मुकाबले में दबदबा बनाए रखा, लेकिन उन्हें गोल करने में कोई सफलता नहीं मिली, हालांकि दूसरे हाफ में इटली को उस समय झटका लगा, जब 55वें मिनट में कैलाफियोरी के आत्मघाती गोल की बदौलत स्पेन ने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। इटली के पास स्पेन की रक्षा को भेदने के लिए कोई रणनीति नहीं थी और अंत में स्पेन 1-0 से यह मैच जीतने में कामयाब रहा। स्पेन छह अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर है, जबकि इटली तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, उसके बाद अल्बानिया और क्रोएशिया दोनों एक-एक अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

## विश्व एथलेटिक्स मीट : शैली सिंह ने रजत, एल्डोज पॉल ने जीता कांस्य

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लम्बी कूद एथलीट शैली सिंह ने स्लोवाकिया के कोसिसे में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (कांस्य स्तर) जेबीएल जंप फेस्ट में रजत पदक जीता। 20 वर्षीय शैली ने पांचवे राउंड में 6.43 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर छह एथलीटों में दूसरा स्थान प्राप्त किया। बुल्गारिया की प्लामेना मितकोवा ने 6.70 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण



पदक जीता, जो एक नया रिकॉर्ड है। पुरुषों की ट्रिपल जंप में एल्डोज पॉल ने कांस्य पदक जीता, जबकि प्रवीण चित्रावेल छह प्रतिभागियों में अंतिम स्थान पर रहे। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता एल्डोज 16.45 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जबकि प्रवीण 15.87 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करके छठे स्थान पर रहे। क्यूबा के लाज़ारो मार्टिनेज ने 16.88 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। तीनों भारतीय 27 से 30 जून तक पंचकूला में राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे।

## भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के करीब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रियांश ने कंपाउंड डिवीजन में व्यक्तिगत पदक जीतने की अपनी संभावनाओं को जीवित रखा है, जबकि भारतीय पुरुष और महिला रिकर्व टीमें तुर्की के अंताल्या में तीरंदाजी विश्व कप चरण-3 के तीसरे दिन के अंत में ओलंपिक बर्थ के लिए रेस में बनी हुई हैं। प्रियांश कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय तीरंदाज थे।

अद्भुत निरंतरता दिखाते हुए, प्रियांश ने जर्मनी के सेबेस्टियन हैमडॉर्फ को 149-141, मैक्सिको के जुआन डेल रियो को 149-149 (शूट-ऑफ़ 10-9), हमवतन प्रथमेश फुगे को 149-148 और तुर्की के बटुहान अक्काओग्लू को 149-147 से हराया। अंतिम-चार में उनका सामना डेनमार्क के मैथियास फुलर्टन से होगा। वहीं,



अभिषेक वर्मा को अक्काओग्लू ने 148-146 से हराया। महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में वी. ज्योति सुरेखा तीसरे राउंड में इटली की एलिसा रोनेर से 147-145 से हार गईं। अदिति स्वामी को पाओला रामिरेज़ गोंजालेज ने 142-140 से हराया, जबकि परनीत कौर को दूसरे राउंड में यूएसए की एलेक्सिस रुइज़ ने 146-144 से हराया। रिकर्व महिला टीम स्पर्धा में दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त की पांचवीं रैंकिंग वाली भारतीय टीम को पहले राउंड में बाई मिली और उसने नीदरलैंड को 6-2 और यूक्रेन को 5-3 से हराया, लेकिन सेमीफाइनल में फ्रांस से 5-4 (शूट-ऑफ 28-25) से हार गई। बाद में, भारत कांस्य पदक के मैच में जापान से 6-0 से हार गया। हालांकि, सेमीफाइनल में पहुंचने से भारतीय महिलाओं को पेरिस 2024 में जगह बनाने में मदद मिलेगी।बी.धीरज, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव की छठी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष टीम को बाई मिली, लेकिन अगले दौर में नीदरलैंड से 5-1 से हार गई। भारतीय पुरुष और महिला टीमों के पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई करने की संभावना उन टीमों की विश्व रैंकिंग के माध्यम से है, जिन्होंने अभी तक क्वालीफाई नहीं किया है।

## भारत से मिली हार पर राशिद ने कहा- हमने सोचा था कि 170-180 का लक्ष्य हासिल कर लेंगे

एजेंसी

**ब्रिजटाउन।** टी20 विश्व कप 2024 के सुपर आठ मैच में भारत के खिलाफ अपनी टीम की 47 रन से हार के बाद, अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने कहा कि खिलाड़ियों को लगा था कि वे बारबाडोस में 170-180 रनों का पीछा कर सकते हैं। कप्तान राशिद ने पहली पारी में अफगान गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई की और अपने चार ओवर के स्पेल में 26 रन देकर तीन विकेट चटकाए। हालांकि बल्लेबाजी में वह कुछ खास नहीं कर सके और छह गेंदों पर केवल दो रन ही बना सके।

मैच के बाद राशिद ने कहा कि उन्हें यह सोचना चाहिए था कि वे इस तरह के लक्ष्य का पीछा कर सकते हैं। 25 वर्षीय राशिद ने स्वीकार किया कि हाल ही में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उन्हें संघर्ष करना पड़ा था। राशिद ने कहा, यह ऐसी सतह थी जिस पर हमने सोचा था कि हम 170-180 रन का पीछा कर सकते हैं। आप बस वहां जाएं और बड़ी टीमों के खिलाफ खेलें, हमें सोचना चाहिए कि हमें ऐसे स्कोर का पीछा करना होगा। शरीर अच्छा महसूस कर रहा है। मैंने आईपीएल में थोड़ा संघर्ष किया। मैं अब लगातार क्षेत्रों में हिट कर रहा हूं। हमने जहां भी खेला है, वहां हमने इसका आनंद लिया है। हम कभी-कभी अपने कौशल को भूल जाते हैं। अगर परिस्थितियां अनुकूल हैं, तो हम इसका उपयोग करने की कोशिश करेंगे।

## ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस नियम से 28 रन से हराया

एजेंसी

**एंटीगुआ ।** ऑस्ट्रेलिया ने डकवर्थ लुईस नियम से बांग्लादेश को सुपर-8 मुकाबले में 28 रन से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 140 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने बारिश की वजह से खेल रुकने तक 11.2 ओवर में दो विकेट गंवाकर 100 रन बना लिए थे। डकवर्थ लुईस नियम के तहत ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस ने खास उपलब्धि हासिल की। वह टी20 विश्व कप 2024 में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने। वहीं, ओवरऑल टी20 विश्व कप में वह ऐसा करने वाले सातवें खिलाड़ी है। कमिंस टी20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले ब्रेट ली के बाद दूसरे ऑस्ट्रेलियाई हैं। ली ने ऐसा 2007 टी20 विश्व कप में किया था। कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर महमूदुल्लाह और मेहदी हसन को आउट किया था। इसके बाद 20वें ओवर की पहली गेंद पर तौहिद को आउट करते हुए कमिंस ने खास उपलब्धि हासिल की। कमिंस के अलावा एडम जैम्पा ने दो विकेट झटके। वहीं, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल को एक-एक विकेट मिला। बांग्लादेश के करते हुए बांग्लादेश की टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 140 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से



लिए कप्तान शांतो और तौहिद के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चला। स्टार्क ने पहले ही ओवर में तंजीद हसन (0) को क्लीन बोल्ड कर टीम को पहला झटका दिया था। इसके बाद लिटन दास ने शांतो के साथ मिलकर 58 रन की साझेदारी की, लेकिन जैम्पा ने इस साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने लिटन को क्लीन बोल्ड किया। वह 16 रन बना सके। इसके बाद रिशद हुसैन दो रन बनाकर मैक्सवेल का शिकार बने। जैम्पा की फिरकी का जादू एक बार फिर चला और उन्होंने जम चुके शांतो को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। शांतो ने 36 गेंद में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 41 रन की पारी खेली। शाकिब अल हसन (8) का कैच स्टोइनिस ने अपनी ही गेंद पर लपका। महमूदुल्लाह दो रन बनाकर और मेहदी खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। तस्कीन सात गेंद में 13 रन और तंजीम हसन शाकिब चार रन बनाकर नाबाद रहे।

141 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत शानदार रही थी। डेविड वॉर्नर और ट्रेविस हेड ने पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़े। सातवें ओवर में बारिश की वजह से मैच को रोका गया था। हालांकि, कुछ देर में मैच दोबारा शुरू हुआ। सातवें ओवर में रिशाद हुसैन ने हेड को क्लीन बोल्ड किया। वह 21 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 31 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रिशाद ने कप्तान मिचेल मार्श को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। वह एक रन बना सके। फिर 12वें ओवर में मैच रुकने तक वॉर्नर ने मैक्सवेल के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। इस तरह ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जीत हासिल की।

संरक्षक: संजय शुक्ला, (सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)
सलाहकार संपादक:
उपसंपादक: राकेश द्विवेदी
सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारूकी,
सहायक संपादक: रिजवान सैफ खान,
सह संपादक: राम सिंह यादव
उक्त सभी पद अवैतनिक है

## टी20 विश्व कप: भारत ने जीत से की सुपर-8 की शुरुआत, अफगानिस्तान को 47 रनों से हराया

एजेंसी

**बारबाडोस।** वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जा रहे टी20 विश्वकप में भारत ने सुपर-8 में अपना पहला मुकाबला आसानी से जीत लिया है। इस मैच में भारतीय टीम ने अफगानिस्तान को 47 रनों से मात दी है। टीम की जीत में मध्यक्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन, खासकर सूर्यकुमार यादव का तेजतर्रार अर्धशतक, रहा..वहीं गेंदबाजों की सधी लाइनलेंथ ने अफगान खिलाड़ियों को मैच में पैर जमाने का मौका ही नहीं दिया। सूर्यकुमार यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

भारत की ओर से मिले 182 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तानी टीम की शुरुआत काफी खराब रही। टीम ने पॉवरप्ले में ही तीन विकेट खो दिए। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (11 रन), इब्राहिम जादरान (8 रन) और हजरतुल्ला जजाई (2 रन) जल्दी पवेलियन लौट गए। उनके बाद गुलाबदीन नाइब और अजमतुल्लाह ओमरजाई ने तेज गति से रन बनाने



की कोशिश की लेकिन उसी चक्कर में दोनों ने अपने विकेट भी गंवाए। नाइब ने 17 और ओमरजाई ने 26 रन बनाए। वहीं नजीबुल्लाह जादरान ने 19 और मोहम्मद नबी ने 14 रन की पारी खेली। जबकि कप्तान राशिद खान सिर्फ दो रन बना सके। इस तरह पूरी टीम 134 रन पर सिमट गई। भारत के लिए जसप्रित बुमराह और अर्शदीप सिंह ने तीन-तीन विकेट चटकाए। जबकि स्पीनर तिकड़ी ने आपसे में चार विकेट बांटे। कुलदीप यादव ने दो विकेट और अक्षर पटेल-रविंद्र जडेजा को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 181 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने फिर जिम्मेदारी वाली लेकिन रफ्तार वाली पारी खेली। सूर्या ने 28 गेंदों में 53 रन बनाए। सूर्या को हार्दिक पांड्या का बेहतरीन साथ मिले, जिन्होंने 24 गेंदों में 32 रन की पारी खेली। इसके अलावा, विराट कोहली ने 24 और ऋषभ पंत ने 20 रन का योगदान दिया। आखिरी ओवर में अक्षर पटेल (12 रन) के कैमियों की वजह से टीम का स्कोर 181 तक पहुंच सका। अफगान टीम के लिए राशिद खान और फजलाह फारुखी ने तीन-तीन विकेट अपने नाम किए। वहीं नवीन उल हक को एक विकेट मिला।

## अफगानिस्तान पर जीत के बाद रोहित ने कहा- सूर्यकुमार, हार्दिक की साझेदारी महत्वपूर्ण थी

एजेंसी

**ब्रिजटाउन।** आईसीसी टी 20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी टीम की 47 रनों की जीत के बाद, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या की महत्वपूर्ण साझेदारी और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बेहतरीन गेंदबाजी की सराहना की। सूर्यकुमार यादव के विस्फोटक अर्धशतक और जसप्रीत बुमराह तथा अर्शदीप सिंह की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ने बारबाडोस में आईसीसी टी20 विश्व कप सुपर आठ के अपने पहले मैच में अफगानिस्तान को 47 रन से हरा दिया। मैच के बाद रोहित ने कहा, पिछले दो साल से हम यहां टी20 खेल रहे हैं, इसलिए हम परिस्थितियों को समझते हैं और उसी के अनुसार योजना बनाते हैं। हमने परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाला और 180 रन बनाए, जो बल्लेबाजों का शानदार प्रयास था।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169 । इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी